2001 वाले क़ानून में भी केंद्रीय सरकार ने एक गैर बराबरी पर आधारित बहुपरती व्यवस्था का बाध्यकारी खाका और कुछ मानक स्थापित करके बाकी के काम राज्य सरकारों के भरोसे छोड़ दिए। इसने प्राइवेट स्कूलों की वैधानिकता को न सिर्फ पहले से भी ज्यादा पुख्ता बनाने का काम किया, बल्कि उनके प्रति आकर्षण को कई गुना बढ़ाने वाले प्रावधान भी किये, जैसे प्राइवेट स्कूलों में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (EWS) के बच्चों के लिए पहली क्लास में 25 प्रतिशत आरक्षण और कोटे के तहत भर्ती विद्यार्थियों की फीस का भुगतान सरकार द्वारा राज्य सरकारों को इस व्यवस्था के अंतर्गत ही वहन करना था और अपनी-अपनी नियमावलियां बनानी थी। यह इसके बावजूद की शिक्षा एक समवर्ती सूची का विषय है। इस तरह से क़ानून का एक खाका और कुछ मानक केंद्रीय व राज्य सरकारों के स्तर पर तय कर दिए गए।

2 स्कूलों के लिए रटे के मानकों का दायरा, स्थानीय समुदाय और कॉमन लॉजी

स्थानीय समूहों के साथ जोड़कर या स्थानीय परिवेश के सन्दर्भ में ज्ञान के सृजन व पुनर्रचना को बढ़ावा देने से क्लासरूम की चार दीवारों में कैद किताबी ज्ञान को जीवंत व उपयोगी बनाया जा सकता है। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए, बच्चों के परिवारों और स्कूल के बीच रिश्ता कायम करना भी एक अत्य व आवश्यक कदम हो सकता है। लेकिन पिछले लगभग 30 वर्षों की शिक्षा से जुड़ी विभिन्न योजनाओं या कार्यक्रमों में समुदाय को शामिल करने के पीछे सृजनात्मक ज्ञान और जनसहभागिता का यह शिक्षाशास्त्रीय नज़रिया कम ही देखने को मिलता है। यहां प्रबंधन और प्रशासन के संदर्भ में समुदाय को शामिल करने पर ज्यादा जोर दिखता है। शिक्षा अधिकार क़ानून के द्वारा भी स्थानीय निकायों के हाथों में शिक्षा के तमाम जरूरी इंतजामात छोड़ देने की प्रक्रिया पर कोई व्यवहारिक अंकुश नहीं लगाया गया। यह इसके बावजूद की अनेकों विद्वानों ने दिखाया है की किस प्रकार इस स्थानीयकरण की प्रक्रिया से नुकसान हो रहा है। आप इस फर्क को सीधे तौर पर खुद भी देख सकते हैं यदि आप अपने इलाके में स्थित स्थानीय निकायों के साधारण सरकारी स्कूलों की तुलना केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और मॉडल स्कूलों या विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा चलाए जाने वाले आँती-आँती के 'प्रतिभा स्कूलों' आदि में मौजूद ढांचागत व्यवस्थाओं और सुविधाओं के साथ करें।

Scanned with OKEN Scan
Scanned with CamScanner

भले ही आरम्भिक शिक्षा को नैतिक अधिकार का दर्ज़ा मिलने के बाद से शुरुआती स्तर पर नामांकन या दाखिले कुछ बढ़ गए हों लेकिन सार्वजनिक शिक्षा की हालत बहुत खराब ही बनी हुई है। नीपा (National University of Educational Planning and Administration) अपनी वेबसाइट पर Dise (district information Service for education) के तहत हर साल यह बताती है की स्कूलों की क्या स्थिति है। यहां जानकारी प्रकाशित भी होती है। इसमें राष्ट्रीय, राज्य, जिले और यहाँ तक की स्कूलों के स्तर पर तथ्यात्मक जानकारी संगृहीत होती है। ये तथ्य ही आपको बता देंगे की शिक्षा को नैतिक अधिकार माने जाने के इतने समय के बाद भी शिक्षा व्यवस्था कितनी बदतर हालत में है, और किसे बदतर स्कूल हैं।

लेकिन आज तो हम शिक्षा को नैतिक अधिकार का दर्ज़ा मिल जाने की वजह से ज़रुरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं। सरकारों पर इसे लागू करने का दबाव डाल सकते हैं। ये बात अलग है कि कोर्ट को भी कई मामलो में इसे ठीक से लागू कराने के लिए इसकी काफी उदार व्याख्या करनी पड़ेगी। मसलन यदि कोई प्राइवेट स्कूल RTE Act के तहत बने नियमों का पालन नहीं करता तो उसकी मान्यता रद्द की जा सकती है। लेकिन मुझे इस कानून में कोई भी एक ऐसी धारा (क्लॉज़) बता दीजिये जिसके तहत ऐसे सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल या किसी शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कोई कानूनी कारवाई की जा सकती हो, जो अनुसूची में दिए गए मानदंडों को अंतिम समय सीमा के बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं करता। क्या ऐसे सरकारी स्कूलों की मान्यता रद्द की जा सकती है? क्या अनुसूची में दिए गए मानदंडों को पूरा करके मान्यता हांसिल करने की जिस तरह की बाध्यकारी समयसीमा वाली प्रक्रिया प्राइवेट स्कूलों के लिए दी गई है वैसी सरकारी स्कूलों के लिए कहीं पर भी दी गई है?

शिक्षा अधिकार कानून 2009 के किसी भी खंड में यह ठीक-ठीक नहीं बतलाया गया है की यदि कोई व्यक्ति, सरकार, या स्थानीय निकाय अनुसूची में लिखे मानकों और शर्तों को पूरा नहीं करता है तो कौन, किसको और कितनी सजा देगा। बल्कि इसे खंड 18(1) में जाहिर तौर पर बाहर रखा गया है। पूरे 18 और 19 खंडो में सिर्फ निजी और सरकारी मदद से चलने वाले स्कूलों की स्वीकृति प्रदान करने के तरीको पर बात है। खंड 8 (G) और 9 (H) में भी सरकारी स्कूलों के लिए ऐसे कोई प्रावधान नहीं है।

शिक्षा अधिकार कानून 2009 में तीन साल की तय समय सीमा के भीतर अनुसूची में दिए गए मानकों व शर्तों को पूरा करने की मांग को निजी और सरकारी मदद से चलने वाले स्कूलों को स्वीकृति देने की प्रक्रिया के हिस्से के रूप में ही वर्णित किया गया है। जाहिर है की यह प्रक्रिया पूरी तरह सरकार या स्थानीय निकायों के अधीन चलने वाले संस्थानों के लिए नहीं है।

ये बात ठीक है की शिक्षा अधिकार कानून 2009 के खंड 18 को छोड़ दे तो अनुसूची में किसी को छूट नहीं है। इस लिए यह तर्क दिया जा सकता है की अनुसूची में शामिल मानक और शर्तें सभी स्कूलों पर लागू होती है। इस तरह इस कानून की एक वैकल्पिक व्याख्या हो सकती है। अगर हम इसे तालीम के बुनियादी हक़ के सन्दर्भ में देखे तो यह निष्कर्ष निकलता है की यह हर स्कूल के लिए अनिवार्य है। यह तर्क भी दिया जा सकता है की बराबरी के आधार पर स्तरीय तालीम के लिए यह जरूरी है की हर स्कूल पर यह अनुसूची लागू हो ताकि सरकारी व सरकारी मदद से चलने वाले और निजी स्कूलों में समानता हो; नहीं तो भारतीय संविधान के अनुछेद 14 का उल्लंघन होता है।

हम यहाँ इस बात को रेखांकित कर रहे है की ऐसे तर्क अधिनियम की बेहद उदार व्याख्या पेश करते है। वैसे अगर ऊपर बताए गए खंडो को ध्यान से पढ़ा जाए तो कुछ और मतलब निकलता है।

ऐसा क्यों है की सरकारी स्कूलों के लिए इस सन्दर्भ में क्रियान्वयन को कोइ स्पष्ट रूपरेखा और योजना और अवमानना की स्थिति में सज़ा का कोइ प्रावधान नहीं है, लेकिन प्रायवेट स्कूलों के लिए है? शायद ऐसा इसलिए किया गया है ताकि एक तरफ तो खस्ता हालत वाले उन सरकारी स्कूलों जहां साधारण लोगों के बच्चे पढ़ने जाते हैं, उनकी स्थिति में किसी भी किस्म के क्रांतिकारी बदलाव के आकस्मिक दबाव से बचा जा सके; यथा स्थिति कायम रहे; परिवर्तन मामूली यानी minimalist और धीरे-धीरे याने gradual mode में हो। इन में से बहुत से साधारण सरकारी स्कूलों में सुविधाओं की कमी या बच्चों की संख्या काफी बता कर एक दूसरे में विलय के काम को (school merger) या उन्हें बंद करने के काम को (school closure) अंजाम दिया जा सके।

दूसरी तरफ छोटे-छोटे गैर-सरकारी स्कूल (budget private schools) चलते रहें। यदि इन budget private schools के खिलाफ इस आधार पर जन आंदोलन खड़ा हो जाए और न्यायालय भी यह मान ले की उनमें शिक्षा अधिकार कानून 2001 की अनुसूची में लिखित पूरी सुविधाएं मौजूद नहीं हैं और उनमें से कुछ को बंद करना पड़े, तो बड़े राष्ट्रीय व बहु-राष्ट्रीय कॉर्पोरेट घरानों (domestic and multi-national corporate houses) के द्वारा खोले जाने वाले प्राइवेट स्कूल उनकी जगह ले लें। दूसरे शब्दों में कहें तो थोड़ी सी बड़ी-बड़ी मछलियां बहुत सी लेकिन छोटी-छोटी मछलियों को निगल जाएं।

Scanned with CamScanner

292

आप में से बहुत लोगों ने अलग या प्रत्यक्ष रूप से यह सवाल उठाया है की किसी इलाके में स्कूल खोले जाने के क्या मानक होने चाहिए. किसी जगह पर स्कूल जाने वाले आयु वर्ग के बच्चों की संख्या, या किलोमीटर के हिसाब से बच्चे के घर से स्कूल की दूरी आदि? आपने अपने सवालों के सन्दर्भ में पहाड़ी इलाकों से उदाहरण देकर विषय की जटिलता को भी अच्छे से स्पष्ट किया है। आपने ठीक ही बताया है की ऐसे सामान स्कूल हैं जो इन मानदंडों के हिसाब से खोले गए हैं और जिनमें पढ़ने वाले बच्चों की संख्या इतनी कम है की उनके चलाने के लिए सभी सुविधाओं, ढाँचे और शिक्षकों की व्यवस्था करना मुश्किल, अव्यवहारिक और बहुत खर्चीला हो जाता है।

पहले बात तो यह है की इसके लिए नकारात्मक नजरिये से ही न देखें कि क्यों इन बच्चों के लिए स्कूल खोले गए हैं। ऐसे हर इलाके के बच्चे को शिक्षा तो देनी ही पड़ेगी ना। जो तरीका अपनाया गया वो गलत हो सकता है पर कुछ तो करना पड़ेगा न।

दूसरी बात यह है की व्यवस्था कहीं भी सैद्धांतिक के बजाय व्यवहारिक स्तर पर कठोरता के साथ तय कर दिया जाए और व्यवहार स्तर पर उसमें कैसे भी किस्म के सुधार की गुंजाइश या लचीलापन न हो तो उसमें इस तरह कि दिक्कतें आने लगती हैं। लेकिन यह मुद्दा पूरी तरह से सिर्फ स्थानीय निकायों के हाथों में ही नहीं छोड़ा जा सकता जहाँ सत्ता में बैठे वर्ग के स्वार्थ शिक्षा की राजनीति पर ज़्यादा हावी हो जाते हैं। दरअसल पिछले लगभग तीस सालों से यही हो रहा है और स्कूलों की हालत आम तौर पर ज़्यादा खराब हुई है। यह उन जगहों पर बेहतर हुई है जहाँ राज्य या केंद्र सरकार ने खुद सक्रियता दिखाई है।

तीसरी बात को स्पष्ट करने के लिए एक उदाहरण देता हूँ। कोल्हापुर के राजा सैयाजी राओ, जिन्होंने बाबासाहब अंबेडकर को विदेश पढ़ने भेजा था, उन्होंने अपने राज्य में सबसे पहले अनिवार्य व निशुल्क प्राथमिक शिक्षा लागू की। न तो यह काम अंग्रेजी सरकार ने किया और न ही आज़ाद भारत की सरकार ने, बल्कि एक रजवाड़े ने। पूरी बॉम्बे प्रेसीडेंसी मेस अनिवार्य व निशुल्क प्राथमिक शिक्षा पर अंग्रेजी सरकार जितना पैसा खर्च करती थी वो उससे कहीं ज़्यादा अपने रजवाड़े के स्कूलों पर करते थे। ये मैं इसलिए बता रहा हूँ कि उनके सामने भी ये सवाल आया था कि कुछ इलाकों में बच्चों की संख्या बहुत कम थी। उन्हें वहाँ पर भी स्कूल खोलने पड़े जबकि यह उन्हें बहुत महंगा पड़ रहा था। बाद के राजाओं के सामने भी ये समस्याएँ आईं। वो बच्चे कौन थे? सर्वेक्षणों ने यह बताया की ये वो बच्चे थे जिन्हें सच में सरकारी स्कूलों की ज़रूरत सबसे ज़्यादा थी। आखिरकार कटे हुए इलाकों (isolated hamlets) में रहने वाले और काम करने वाले कौन लोग होते हैं? समाज का पिछड़ा तबका यानी आदिवासी और पिछड़ी जातियाँ। लगभग सारे समाज की यही कहानी है।

ये केवल उत्तराखंड की समस्या नहीं है। बल्कि हिमाचल प्रदेश, उत्तर-पूर्व जहाँ-जहाँ जंगल के निवासी हैं सबकी कुछ हद तक समान और कहीं कहीं कुछ अलग तरह की समस्याएँ हैं। ये केवल पहाड़ों की समस्या भी नहीं है। तमाम मैदानी राज्यों में जंगल वासी मौजूद हैं। उनके संगठनों का एक राष्ट्रिय स्तर का मंच भी है जो इस तरह की समस्याओं के तरफ ध्यान आकर्षित करने की कोशिश करता रहता है। तो क्या इस तरह के इलाकों में रहने वाले बच्चे जो की पूरे देश में फैले हैं उनको पढ़ने का हक नहीं मिलेगा? उनको पढ़ने का अवसर तो पूरी आवश्यक सुविधाओं के साथ देना पड़ेगा। स्कूल तो खोलने पड़ेंगे। ये हो सकता है कि इन इलाकों में स्कूल खोलने के मानदंड कुछ अलग हों। इस बारे में इन इलाकों के स्कूलों के शिक्षकों, पालकों (parents) और स्थानीय प्रशासनिक निकायों के अधिकारियों की राय लेकर राज्य सरकारों को उचित निर्णय लेने चाहिए और उन्हें उस राज्य के model rules of RTE Act में शामिल करना चाहिए। बच्चों को स्कूल लाने ले जाने के लिए ज़रूरत के मुताबिक उचित इंतज़ाम करने पड़ेंगे, चाहे यातायात के साधन हों या सुरक्षाकर्मी या सहायक एस्कॉर्ट्स (escorts)। इन तथाकथित दुर्गम इलाकों के बच्चों को मल्टीपल लर्निंग (multiple learning) और मल्टी ग्रेड टीचिंग (multi-grade teaching) जैसी धोखेबाज़ी वाली शब्दावली के द्वारा कम शिक्षकों और कम क्लासरूमों से काम चलाने के लिए मजबूर करना तो उनके समता के मौलिक अधिकार का हनन है।

एक तरफ तो शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 ने वैकल्पिक स्कूलों के सामने अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है क्योंकि वो उसमें दिए गए मानकों और शर्तों को पूरा नहीं करते। दूसरी तरफ इस क़ानून ने अपने घटिया मानदंडों के ज़रिये नौजूदा सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को और ज़्यादा बेरुखी, विलय और तालाबंदी की तरफ धकेला है। तीसरी तरफ निजी स्कूलों ने शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 के पारित होने के बाद से अपने आप को एक ताकतवर दबाव समूह (lobby) के रूप में पहले से भी और ज़्यादा संगठित व मज़बूत किया है। इसका एक उदाहरण यह है की इन्होने एक बड़ा मंच बना लिया है जिसका नाम है National Alliance of Independent Schools। इस अलायंस ने अप्रैल 2018 में दिल्ली के रामलीला मैदान में 50 हज़ार लोगों की रैली आयोजित की। उनकी मांग है की शिक्षा अधिकार क़ानून 2001 के तहत प्राइवेट स्कूलों में जो 25 प्रतिशत का कोटा तय किया गया है उसे खत्म किया जाए। राज्य शिक्षा में निवेश करना बंद करे। सरकार मूल्यांकन का काम शिक्षकों से लेकर स्वतन्त्र व स्वायत्त (निजी) संस्थाओं को सौंप दे। ये लोग देशभर में लामबंदी कर रहे हैं। इनका जाल काफी बड़ा हो गया है। इनका असर इतना बढ़ गया है की हाल के दौर की शिक्षा नीति से सम्बंधित सरकारी दस्तावेज़ों की भाषा पर इस समूह की मांगों और भाषा का सीधा प्रभाव दिखने लगा है।

Scanned with CamScanner

यह मंच Center for Civil Society नामक NGO के पहल पर बना है। यही वह NGO है जो School Choice Campaign चला रहा है। इसका कहना है की सरकार को स्कूल खोलने की क्या ज़रूरत है। सरकार हर बच्चे को एक निश्चित राशि वाला वाउचर दे दे। इसे लेकर बच्चा अपने वालदैन के साथ जा कर किसी भी स्कूल में दाखला लेले। वाउचर के ज़रिये एक तयशुदा रक्म स्कूल को सरकार से हासिल हो जाएगी, बाकी की फीस और अन्य खर्चे बच्चे के परिवार खुद उठाएं। स्कूल चाहे जितनी भी कम तन्खा पर स्टाफ रखे और जितनी मर्ज़ी फीस ले। राज्य या सरकार के ऊपर शिक्षा का भार बहुत कम हो जाएगा। दरअसल, राज्य की ज़िम्मेदारी महज़ एक तयशुदा रक्म प्रदान करने तक सीमित रह जाएगी जबकि असल में शिक्षा के एकीकरण का सन्तुलन होना चाहिए राज्य की पूरी ज़िम्मेदारी।

उक्त में समता व बराबरी और स्कूल चुनने की आज़ादी की बजाए, वाउचर सिस्टम ज़्यादा से ज़्यादा एक तरह की सब्सिडी है। जो लोग वाउचर की कीमत से ज़्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे, वे अपनी औक़ात के मुताबिक़ ही अपने बच्चों को सस्ते स्कूलों ('budget schools') में ही दाखला दिलाने को मजबूर होंगे। दूसरी तरफ बाकी के लोग अपनी हैसियत के मुताबिक़ आर्थिक तौर पर अमीर व सामाजिक रूप से संभ्रांत वर्ग के महंगे स्कूलों में ही जाते रहेंगे। इस तरह समाज में व्याप्त गैर बराबरी शिक्षा के अवसरों को प्रभावित करती रहेगी। मान लीजिए कि किसी अभिभावक ने अपने बच्चे को 2 हज़ार रुपए का वाउचर मिल गया। अब जिस स्कूल की फीस 2 हजार होगी, आप अपने बच्चे का दाखला उस स्कूल में तो करा सकेंगे। लेकिन यदि

किसी स्कूल की फीस 25 हज़ार हो और यदि आप के पास इस अतिरिक्त राशि को अदा करने की क्षमता न हो तो वहाँ आप अपने बच्चे को नहीं पढ़ा सकेंगे। इस तरह से तो अमीर लोगों का वर्चस्व वहीं का वहीं बना रहेगा। यह भी याद रखिये की हमारे समाज में आर्थिक गैर बराबरी का सामाजिक-सांस्कृतिक, लैंगिक, भाषाइक तथा शारीरिक-मानसिक विकलांगता आधारित विषमताओं के साथ घनिष्ट सम्बन्ध है। इसके अलावा, वाउचर सिस्टम के अंतर्गत, विशेष वर्गों के आलीशान सरकारी स्कूल भी गैर बराबरी को बनाए रखेंगे।

यह मंच ये भी कहता है कि प्राइवेट स्कूलों में जो 25 प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान है वह भी गलत है। हालाँकि मैं भी कहता हूँ कि ये गलत है, लेकिन मेरे कहने के कारण अलग है, वो अभी छोड़िए।

3 नवउदारवाद बनाम शिक्षा का मौलिक अधिकार

इस लेख के पिछले हिस्से में हम यह पहले ही इशारा कर आए हैं की शिक्षा के बाज़ारीकरण ने कैसे शिक्षा के मौलिक अधिकार के सामने एक मज़बूत चुनौती पेश कर दी है। अब हम थोड़ा पीछे जाकर इस नवउदारवादी विचारधारा के उदय और विस्तार के बारे में चर्चा करते हुए वर्तमान में लौटेंगे।

ऐसा आम तौर पर माना जाता है की संयुक्त राज्य अमेरिका ने समान स्कूल प्रणाली को काफी हद तक स्थापित कर लिया था। लेकिन 1954 में संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यालय ने अपने एक प्रसिद्द JISI Brown मामले के फैसले में कहा की अलग-अलग लोगों को अलग-अलग तरह के स्कूलों में भेजना समता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इस से स्पष्ट है की वहां भेदभाव मौजूद था। फिर भी यह कहा जा सकता है की अमरीका जैसे बड़े पूंजीवादी देश ने भी पहले शिक्षा और स्वास्थ्य की सार्वजनिक व्यवस्थाओं को खड़ा किया। लेकिन जब 1970 में तेल का अंतर्राष्ट्रीय संकट उत्पन्न हुआ तो अपनी तेल के आयात को पूरा करने के लिए जहाँ-जहाँ से हो सकता था, उसने अपने खर्च में कटौती करनी शुरु कर दी। सामाजिक सरोकारों जैसे शिक्षा और स्वास्थ्य के महत्व और योगदान को भी बाज़ारीकरण के संकुचित आर्थिक आधारों पर मापा जाने लगा। जबकि इन क्षेत्रों से ऐसा फायदा नहीं मिलता, जो तुरंत और ठीक तरह से मापा जा सके, क्योंकि, इन सुविधाओं का लाभ केवल हासिल करने वाले व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरी व्यवस्था को होता है। इस बात को नज़र अंदाज़ करते हुए अमेरिकी सरकार इन्हें अपने ऊपर बोझ के रूप में पेश करने लगी। इन मदों में अपने खर्च को निवेश के रूप में देखने लगी। अब यह निवेश घाटे के सौदे के रूप में पेश किया जाने लगा। इस आधार पर यह तर्क दिया जाने लगा की इस वित्तीय भार को कम करने के लिए सरकारी निवेश को घटाया जाए और प्राइवेट निवेश को बढ़ाया जाए। लेकिन प्राइवेट निवेशक बड़ी तादात में तभी किसी चीज़ में निवेश करेंगे जब उससे उन्हें कोई लाभ हो। इस लिए, शिक्षा, जो की एक सामाजिक सरोकार है, व्यक्तिगत वस्तु के रूप में देखी जाने वाली बिकाऊ वस्तु में परिवर्तित होने लगी। क्योंकि अब शिक्षा व्यक्तिगत लाभ की वस्तु के रूप में देखी जाने लगी, इसलिए हांसिल करनेवाले उपभोक्ताओं को ही उसकी कीमत चुकानी थी। राज्य को अपने तथाकथित सीमित संसाधनों का उपयोग सिर्फ उन गरीब व पिछड़े लोगों के लिए करना था जो शिक्षा की कीमत अदा नहीं कर सकते थे। इस लिए कीमत चुका सकें में समर्थ लोगों के लिए प्राइवेट स्कूलों का बाज़ार खड़ा किया गया और परिणाम स्वरूप सार्वजनिक व्यवस्थाओं में केवल पिछड़े व गरीब वर्गों और समुदायों के विद्यार्थी ही रह गए जो कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं।

Scanned with OKE Scanner

Scanned with CamScanner

1990 और उसके 1992 के दशकों के आते-आते तो अमेरिका के दबाव में विश्व बैंक ने भी विकासशील (लेस डेवेलप्ड कंट्रीज) को कर्ज देते समय यह शर्त रखनी चालू कर दी कि उन्हें शिक्षा समेत तमाम दूसरे सामाजिक विकास के कामों पर खर्च में कटौती करने के लिए उन्हें पुनर्गठित (रिस्ट्रक्चर) करना पड़ेगा।

ये शर्तें लागू करने के लिए ये इस अंतर्राष्ट्रीय दबाव से किस तरह से भारत सरकार की शिक्षा नीतियों को प्रभावित करना शुरू किया, यह छोटा-सा उदाहरण मददगार साबित हो सकता है की 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद शिक्षा मंत्रालय का नाम बदलकर मानव संसाधन मंत्रालय रख दिया गया। यानी अब न केवल शिक्षा बल्कि मनुष्य के वुजूद को ही महज़ एक संसाधन के रूप में देखा जाने लगा जो की आर्थिक तरक्की के पुर्जे होंगे।

भारत की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को पुनर्गठित करने के लिए 1990 के दशक में कई तरह की नई योजनाएं लागू हुईं जैसे सब्य्य भारत में सर्वशिक्षा अभियान। उसी दौर में एकल विद्यालयों का विस्तार हुआ। ऐसे दौर में एक स्कूल बने जहाँ बहुत कम पैसे पर एक शिक्षक तीन चार क्लासों को multiple teachership के तहत दिहाड़ी या अनुबंध के अंतर्गत पढ़ाने लगा।

सन 2000-2001 में पहली NDA सरकार के अंतर्गत, मानव संसाधन मंत्रालय ने नहीं, बल्कि सीधे प्रधानमंत्री की व्यापार और उद्योग सलाहकार समिति ने शिक्षा, स्वास्थ्य व ग्रामीण विकास में इन्वेस्ट निवेश के मुद्दों पर एक विशेष समूह गठित किया। पूरे राष्ट्र की शिक्षा के बारे में इस समिति के दूरदृष्टा की रिपोर्ट पेश की गयी उसने देश के दो बड़े उद्योगपति शामिल थे: मुकेश अम्बानी इसके कन्वेनर थे और कुमार मंगलम बिरला इसके सदस्य। इस बिरला अम्बानी रिपोर्ट (Birla Ambani Report) की प्रस्तावना में खुले तौर पर यह कहा गया है कि अब शिक्षा को सामाजिक सरोकार के रूप में नहीं बल्कि एक निवेश के निकाय के रूप में देखने की ज़रूरत है। इस रिपोर्ट ने बहुत-से वो सुझाव दिए कि किस प्रकार शिक्षा के अलग-अलग हिस्सों को बाज़ार के भरोसे छोड़ दिया जाए। यहां शिक्षण संस्थाओं की रैंकिंग की सिफारिश भी की गई।

GATS (General Agreement on Trade and Services) के तहत भारत सरकार ने 2004 में उच्च शिक्षा को एक व्यापार की वस्तु के रूप में WTO (विश्व व्यापार संगठन यानी World Trade Organization) को सौंप दिया। इसमें उच्च शिक्षा को एक सेवा (service) मान लिया गया। GATS के हिसाब से भारत में उच्च शिक्षा व्यापार की वस्तु यानि Tradable commodity बन गयी है। अब उच्च शिक्षा व्यापार का विषय है और उसे लागू करने के तमाम प्रयास उन नीतियों व संगठनों से सम्बंधित दस्तावेज़ों में मिलते हैं जिनका ज़िक्र मैं पहले कर चुका हूँ और आगे भी करूंगा। मुझे ऐसा लगता है कि ये उस दिशा में बढ़ते हुए कदम हैं।

क्यों GATS की बात DIET के शिक्षकों और विद्यार्थियों को सीधे तौर पर करनी है? DIET क्या है? ये तो लोगों को स्कूल में पढ़ाने के लिए प्रशिक्षण देने के संस्थान हैं। लेकिन DIET खुद में स्कूल नहीं हैं। वैसे DIET तो उच्च शिक्षा के संस्थान हैं। यहां विद्यार्थी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद उसकी बारहवीं कक्षा के इम्तहान में पास होने के बाद प्रशिक्षण लेने आते हैं। अब ऐसे सेवा देने वाले यानी service sector बन गए हैं जिसका अनुमोदन NDA सरकार ने 2004 में कर दिया था अब तक उसके वापिस नहीं लिया गया है। गैट के सौदेबाज़ी की प्रक्रिया पूरी होते ही यह प्रावधान लागू हो जायेगा। फिर इसे वापस लेने की प्रक्रिया भी बहुत कठिन व उलझनों है।

GATS के तहत उच्च शिक्षा को बाज़ार की वस्तु बनाने का असर स्कूली शिक्षा पर पड़ना तो लाज़मी ही है। यदि शिक्षक प्रशिक्षण, जोकि Higher Education sector के अंतर्गत नहीं आता है महंगा हो जाए, और इसे खुले बाज़ार के हाथ में सौंप दिया जाए, तो कम तनख्वाह पर स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कैसे योग्य लोगों को आकर्षित किया जा सकेगा? जो शिक्षक मोटी फीस देकर उच्च शिक्षा हासिल करेगा, यदि उसे ठीक तनख्वाह देकर निजी स्कूलों में नियुक्त किया गया तो बच्चों से ज़्यादा फीस लेनी पड़ेगी। इससे बच्चों के लिए पढ़ना महंगा और मुश्किल हो जाएगा। हम तो पहले ही उल्टी दिशा में चल रहे हैं। शिक्षकों को कम से कम दिखते पर रखने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ रही है।

इस के अलावा भी उच्च शिक्षा और स्कूली शिक्षा एक-दूसरे के साथ अटूट रूप से जुड़े हैं। विद्यार्थियों के लिए स्कूली शिक्षा को ज्ञान संरचना की शुरुआत के रूप में देखा जाना चाहिए। ज्ञान को हासिल व सृजित करने की इस औपचारिक प्रक्रिया में उच्च शिक्षा को स्कूली शिक्षा की अगली कड़ी के रूप में ही देखा जाना चाहिए। स्कूली शिक्षा में जिस तरह की तैयारी कराई जाती है उसके आधार पर ही आगे चलकर विद्यार्थी अपनी उच्च शिक्षा और व्यवसाय के बारे में फैसले लेते हैं।

किसी अच्छे प्रशिक्षित डॉक्टर से खासकर अति-पिछड़े इलाकों में जाकर या वहीं रहकर वहां के लोगों की निस्वार्थ सामाजिक सेवा की उम्मीद भी कैसे की जा सकेगी जब उसने अपनी पढ़ाई के लिए 50 लाख या 1 करोड़ का कर्ज़ा लिया हो। उसके ऊपर तो पहले उसके द्वारा लिए गए शिक्षा ऋण को

Scanned with CamScanner

चुकाने का दबाव होगा। वह तो शहरों में रहकर, प्राइवेट हस्पतालों में मध्यम व उच्च वर्गों के मरीज़ों की छोटी-छोटी बीमारियों के महंगे-से-महंगे इलाज बताकर अधिक-से-अधिक पैसे ऐंठने के दबाव में होगा वह उसकी मजबूरी बन जाएगी क्योंकि अपनी शिक्षा के लिए उसने जो कर्ज़ा बैंक से लिया है वह तो उसे चुकाना ही पड़ेगा। दूसरी तरफ एक खराब अर्थव्यवस्था में उसे उतनी मोटी तनख्वाह मिलने की संभावना भी बहुत कम होगी जिससे वह अपना कर्ज़ा भी चुका सके और घर परिवार भी चला ले।

स्वास्थ्य सुविधाओं के स्वास्थ्यीकरण का शोध रिश्ता डॉक्टरी की पढ़ाई के बाज़ारीकरण के साथ जुड़ा है। हालांकि डॉक्टरी की पढ़ाई को आम तौर पर उच्च शिक्षा के दायरे में रख कर ही देखा जाता है, जिसे भारत सरकार ने जरूर सरकारी से पूछे बिना ही गैट के अंतर्गत व्यापार की वस्तु के रूप में खुले अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार को सौंप दिया जबकि शिक्षा या स्वास्थ्य मूलतः राज्य सकारों के जिम्मेदारी है। शिक्षा तो सरकारी खुले का विषय है। लेकिन इस सन्दर्भ में यह याद रखना भी जरूरी है की इतनी पढ़ाई के दुनियादी हिस्से का चयन और उनकी तैयारी स्कूली स्तर पर ही शुरू हो जाता है।

दे को ध्यान रहेर की GATS सभी विदेशी और उपभोक्ताओं के साथ एक जैसा व्यवहार करने (यानी level playing field देने) की बात करता है। यानी एक विषमताओं से भरे समाज में सबको एक जैसे मानदंडों पर परखा जाएगा। अर्थात संविधान द्वारा स्थापित प्रगतिशील भेदभाव की नीति (policy of progressive discrimination) को छोड़ना होगा। कोई आरक्षण नहीं होगा। केवल अंकों यानी marks के आधार पर योग्यता को परखा जाएगा और शिक्षा व नौकरियों में अवसर दिए जाएंगे। क्या एक ऐसे समाज में जहां सामाजिक-आर्थिक गैर-बराबरी खतरनाक स्तर तक व्याप्त हो, एक यांत्रिक किस्म के समतामूलक व्यवहार से पिछड़े लोगों, वर्गों और समुदायों को अगड़ों के बराबर लाया जा सकता है? क्या पिछड़े लोगों को कुछ ख़ास ज़रूरतों और रियायतों की दरकार नहीं होगी? क्या योग्यता के वर्तमान में प्रचलित मानक सामाजिक पूर्वाग्रहों से मुक्त हैं? क्या घटते हुए सार्वजनिक क्षेत्र की स्थिति में यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करवा पाना मुश्किल नहीं होगा?

सरकार कहती है की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के विस्तार और सुधार के लिए प्राइवेट निवेश ज़रूरी है क्योंकि उसके पास पर्याप्त पैसा नहीं है। जितना पैसा वह शिक्षा को देती है, उससे कहीं ज़्यादा टैक्स छूट (tax exumption) के नाम पर कारपोरेट घरानों को दे देती है। दरअसल, नीतियां बनानेवालों और उन्हें अमलीजामा पहनानेवालों को अपनी प्राथमिकताएं तय करनी पड़ेंगी। क्या बच्चों को ढंग से पढ़ाना और शिक्षा में अधिक खर्च करना ज़्यादा ज़रूरी है या राजनेताओं की मूर्तियाँ बनाना और

कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित करना? क्या कॉर्पोरेट कंपनी को टैक्स में छूट देना और बुलेट ट्रेन चलाना ज़्यादा ज़रूरी है या स्कूल खोलना, ब्लैकबोर्ड और कॉपी-किताबें खरीदना ज़्यादा ज़रूरी है?

दरअसल, पैसे की कमी से भी ज़्यादा बड़ी समस्या यह है की शिक्षा से सम्बंधित सरकारी दृष्टिकोण में और उसके आधार पर बनी नीतियों में निजीकरण और मुनाफाखोरी को बढ़ावा देने की प्रवृति लगातार बढ़ती जा रही है। इसे समझने का एक अच्छा उदाहरण यह है की साल 2007 में UPA सरकार के तहत MHRD ने एक दस्तावेज़ अपनी वेबसाइट पर अपलोड किया जिसका टाइटल था Public Private partnership In Education: A Concept Note। इस दस्तावेज़ में सरकार खुद सरकारी संस्थानों की आलोचना करती है और प्राइवेट संस्थानों की तारीफ़। यह कहती है की सरकारी व्यवस्था में अच्छा प्रबंधन संभव ही नहीं है क्योंकि इनमें प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत लाभ के तत्व मौजूद ही नहीं होते हैं।

इस तरह का विश्लेषण करते समय, सरकार खुद ही उन सभी सरकारी संस्थानों के उदाहरणों को नज़रअंदाज़ कर देती है जो अच्छी शिक्षा के लिए दुनिया भर में जाने जाते हैं। उनकी स्थापना व संचालन सरकारी प्रबंधन के अंतर्गत ही आता है। यह बात हालांकि ध्यान देने वाली है की ऐसे अधिकाँश संस्थानों का ज़्यादा लाभ उच्च वर्गों और जातियों के पुरुषों को ही हुआ है। उच्च व मध्यम वर्ग और ऊंची जातियों के बच्चे तथाकथित पब्लिक पर असल में प्राइवेट स्कूलों के अलावा ख़ास दर्जे के सरकारी संस्थानों जैसे central schools, नवोदय विद्यालयों, IITs, IIMs और AIIMS में भी पढ़ते रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो भारत ने शिक्षा में जितनी तरक्की हांसिल की है, यदि अपवादों को छोड़ दें तो उसका ज़्यादातर लाभ उच्च व मध्यम वर्ग और ऊंची जातियों के पुरुषों को ही मिला है। जब राजनैतिक व न्यायपालिका के दबाव में सरकारी संस्थाओं में आरक्षण की नीतियों का कुछ हद तक लागू किया जाना शुरू हुआ तो विडम्बना यह है को उसी दौर में सरकारी व गैर सरकारी विमर्श का रुझान सार्वजनिक संस्थानों की बजाए अब प्राइवेट संस्थानों की तरफ होता जा रहा है।

जहां 2007 से 2012 वाली पंचवर्षीय योजना का मध्यवर्ती मूल्यांकन (भारत सरकार, 2010) शिक्षा के क्षेत्र में निजीकरण और मुनाफाखोरी को बढ़ावा देने की ज़रूरत के तरफ इशारा करता है, तो 2012 से 2017 वाली पंचवर्षीय योजना (भारत सरकार, 2012) उसी बात को खुलकर कहती है। इनके अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में मुनाफ़ा कमाने वाले गैर सरकारी संगठनों (profit-making Non-governmental Organizations or NGOs) को बढ़ावा दिया जाना ज़रूरी है।

इस से भी आगे बढ़कर, नीति आयोग (योजना आयोग के नए अवतार) द्वारा प्रस्तुत 2017 से 2020 की त्रिवार्षिक कार्य योजना यानी action plan (भारत सरकार, 2017) कहती है कि हम शिक्षा संस्थान में निवेश करने की नीति (input based approach) को छोड़ कर परिणाम मापन

Scanned with CamScanner

आधारित नीति (output measurement based approach) अपना लें। इसके क्या मायने हैं? इसके मायने यह है कि सरकार स्कूलों को विभिन्न मदों के तहत जैसे बिल्डिंग और लाइब्रेरी आदि के लिए पूंजी तो कोई पहले से तयशुदा ग्रांट नहीं देगी। अब सरकार किसी भी स्कूल को तमाम सुविधाओं के लिए ग्रांट देने से पहले उसके विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम का मूल्यांकन करेगी। यानि इन सुविधाओं के बिना ये पहले आप अच्छा रिजल्ट लाएं और तब सरकार से निवेश की उम्मीद करें।

भारत सरकार के द्वारा गठित कस्तूरी रंगन समिति ने 2019 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जो रिपोर्ट पेश की है, और उसके आधार पर केंद्र सरकार ने 2020 में जो मसौदा तैयार किया है, उस में तो इस डिसिनेशलाइज की प्रक्रिया के आगे का रास्ता भी बता दिया गया है। ये दस्तावेज़ स्कूल क्लस्टर यानी school clusters को बनाने की बात करते हैं। कुछ राज्यों जैसे हरियाणा में तो इस अवधारणा को अमल पर उतारना भी शुरू कर दिया है। यदि कोई स्कूल शिक्षा अधिकार क़ानून के अनुसूची में जो कुछ थोड़े बहुत मानदंड लिखे हुए हैं वह उनको भी पूरा नहीं करता तो कोई चिंता की बात नहीं है। अगर एक स्कूल में शिक्षकों, सुविधाओं या खेल के मैदान आदि की कमी है तो कोई बात नहीं, उस पूरे स्कूल समूह में कहीं न कहीं तो वो मौजूद हैं। आवश्यकता अनुसार दूसरे स्कूलों की इन सुविधाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह बात कागज़ पर अच्छी लग सकती है लेकिन हकीकत में व्यवहारिक नहीं। इसके अलावा स्कूलों को बेहतर बनाने में सरकारों ने जो सुस्ती अब तक दिखाई है, अब तो उसे बनाए रखने का एक और बहाना मिल जाएगा। इस तरह लोगों का रुझान इन सस्ता हलत वाले सरकारी स्कूलों की बजाए प्राइवेट स्कूलों की तरफ बढ़ता जाएगा। तब इन सरकारी स्कूलों को बंद करना और भी आसान हो जाएगा।

अब सरकारी संस्थाओं की बजाए गैर सरकारी संगठनों पर ज़ोर देने का एक और बहाना प्रकट हो गया है। इसे CSR (corporate social responsibility) यानी कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेवारी कहा जाता है। ख़ास तौर पर दूर-दराज़ के इलाकों में या आदिवासियों और पिछड़ी जातियों के विद्यार्थियों के लिए अच्छे स्कूलों को खोलने के लिए CSR का आह्वान किया जाता है। इसी तरह, हम यह भी पाते हैं की शिक्षा अधिकार क़ानून बनने के बाद भी, शारीरिक या मानसिक रूप से बाधित बच्चों की शिक्षा के लिए ख़ास तौर पर चलाए जा रहे अधिकाँश स्कूलों को सामाजिक सहयोग या दान पर ही निर्भर रहना पड़ता है। आप में से कई लोगों ने शायद आमिर खान का टेलीविज़न प्रोग्राम सत्यमेव जयते देखा होगा। उसका एक अंक उन बच्चों की शिक्षा के बारे में था जिनमें किसी भी तरह की विकलांगता (disability) होती है। मैंने बड़े गौर-से वह प्रोग्राम सुना था। उसमें हालाँकि यह बताया गया था कि राज्य की क्या ज़िम्मेदारी होती है; उसे क्या करना चाहिए; और कई जानकार लोगों से बातचीत भी की गई थी। लेकिन आखिर में एक NGO का नाम बताया गया और कहा गया कि अगर

आप बाधित बच्चों की शिक्षा के लिए योगदान करना चाहते हैं तो आप इस संस्था को दान (donation) दे सकते हैं।

मैं उस दिन सोच रहा था कि क्या अधिकार (right) कभी दान (donation) से हासिल किया जा सकता है? अधिकार तो बल्कि एक ऐसी अवधारणा मानी जाती है जो दिया ही नहीं जा सकता। अधिकार तो होता है, जिसे केवल पहचाना और इस्तेमाल किया जा सकता है। ये एक बहुत बड़ा सैद्धांतिक (fundamental Theoritical) सवाल है। अगर कोई भी सरकार मौलिक अधिकार (fundamental right) को किसी भी कार्पोरेट सीएसआर से या दान पुण्य से जोड़े, तो क्या ये आधुनिक दौर में जो इतना नायाब सिद्धांत निकल कर आया, अधिकार, क्या ये उसके नकारने की तरफ एक और कदम नहीं है? राजनीति विज्ञान (Political Science) में अधिकार का सम्बन्ध राज्य से है जो नागरिकों के अधिकारों का रक्षक व guarantor माना जाता है। संविधान कुछ अधिकारों की पहचान (recognise) करता है। लोग उनका निर्बाध रूप से निर्वहन कर सके, इसकी ज़िम्मेदारी राज्य (state) की होती है। तो राज्य ये ज़िम्मेदारी किसी और संस्थान को कैसे दे सकता है?

यदि यह कहा जाए की ये ज़िम्मेदारी राज्य ने ही नहीं उठानी थी, बल्कि अन्य संस्थानों को भी उठानी थी, तो क्या हम पूर्व आधुनिक काल में नहीं जा रहे हैं? पूर्व आधुनिक काल में शिक्षा की तमाम व्यवस्थाएँ होती थी पर वे व्यवस्थाएँ राज्य के द्वारा नहीं की जाती थी, वे व्यवस्थाएँ समुदाय अपने स्तर पर करता था। किसी शिक्षक को नियुक्त कर दिया जाता था कि मेरे घर के बच्चों को पढ़ाओ और चाहो तो मेरे घर के बगल के बच्चों को भी बैठा लो और उन्हें भी पढ़ाओ। कुछ ऐसी बड़ी शिक्षण संस्थाएँ भी होती थी जिन्हे कुछ उदार शासक ज़मीन अनुदान में दे देते थे और इस ज़मीन पर जो भी राजस्व मिलता था वह राज्य नहीं लेता था, बल्कि उससे शिक्षा संस्थान अपना खर्चा चलाते थे। क्या हम ये माने कि वर्तमान राज्य, सार्वजनिक शिक्षा का दुनिया भर का जो इतिहास है, उसको नकार के पूर्व आधुनिक दौर में वापिस जा रहा है? याद रहे की पूर्व-आधुनिक दौर में दुनिया में कहीं भी सबको शिक्षा के अधिकार की अवधारणा तक मौजूद नहीं थी। यह एक आधुनिक अवधारणा है। ये भी सोचिए कि अगर शिक्षा के निजीकरण से ही बात बन सकती होती तो उस दौर में भी जब नवउदारवाद के हमले से दुनिया के तमाम उन देशों में निजीकरण और व्यापारीकरण (privatization and commercialization) बढ़ रहा है जहाँ पहले सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्थाएं बेहतर स्थिति में थीं तब कई दूसरे देश अपनी शिक्षा व्यवस्थाओं को पूरी तरह से सार्वजनिक क्यों कर रहे हैं? इसकी चर्चा हम थोड़ा रुक कर करेंगे।

Scanned with CamScanner

4 शैक्षिक जान या मूल्यांकन का केन्द्रीकरण, का NGOकरण और कोचिंगकरण

में पहले ही केंद्र सरकार के कुछ नीतिगत दस्तावेजों के उदाहरणों से और लगभग अन्य घटनाओं के जिक्र के द्वारा साबित कर चुका हूं की सरकार शिक्षा के क्षेत्र में मुनाफाखोर गैर सरकारी संगठनों NGOs को प्रोत्साहित कर रही है। अलग-अलग राज्य सरकारों ने सरकारी स्कूलों को सार्वजनिक-निजी सहभागिता (Public Private Partnership/PPP) के नाम पर सरकारी स्कूलों को NGOs को सौंपने की कोशिशें शुरू कर दी है। मैं एक उदाहरण से यह स्पष्ट करना चाहूंगा की ये किस तरह से दरअसल शिक्षा के कमर्शियलाइजेशन का मामला है।

महाराष्ट्र की सरकार ने मुंबई नगर निगम के द्वारा चलाए जा रहे सभी 1174 स्कूलों को NGOs को सौंपने का एक प्रस्ताव लाया था। उस प्रस्ताव से यह साफ हो जाता है कि सरकारें किस तरह के एनजीओज को स्कूलों को सौंपना चाहती हैं। वो जनता के स्थानीय समुदाय (local communities) नहीं, बल्कि कॉर्पोरेट सेक्टर के संस्थान होंगे जिनका turnover (आय-व्यय) करोड़ों में होगा। जिनका कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी का कार्यक्रम (Corporate Social Responsibility/CSR) इतना बड़ा है कि कुछ विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दे सके। अब प्राइवेट सेक्टर की कंपनियां अपने तथाकथित सामाजिक दायित्व की जिम्मेदारी से निपटने के लिए एनजीओज खोल रही हैं और उनमें अपने कंसर का पैसा लगा रही है। इसके अलावा जो कंपनियां अपने कंसर कार्यक्रम को खुद नहीं चलाना चाहती हैं या उनमें सक्षम नहीं हैं, उनके लिए ऐसी दूसरी एजेंसीज खुल रही हैं जो तमाम कंपनियों के इस काम को देखती हैं और बदले में उनके पैसे का कुछ हिस्सा मुनाफे के रूप में लेती हैं।

इन में से तमाम ऐसे NGOs हैं जो जनता के सामने गलत तरह से तैयार की गई ऐसी रिपोर्ट पेश करते हैं (जैसे प्रथम नामक NGO की ACER रिपोर्ट) जिनमें सरकारी स्कूलों को बदनाम करने के लिए कहा जाता है कि यहां के विद्यार्थियों को तो पढ़ना-लिखना भी नहीं आता। वो कार्यशैली को सिर्फ साक्षरता से ही नहीं सीमित करते, यहां तक की वो छुपाते हैं कि तमाम प्रायवेट स्कूल भी ऐसी ही पढ़ाई करवाते हैं। वो यह छुपा लेते हैं कि न तो सारे सरकारी स्कूल या सारे प्रायवेट स्कूल और न ही उनमें पढ़ने वाले बच्चों का प्रदर्शन एक जैसा है। वे नहीं बताते की किस तरह विद्यार्थियों की सामाजिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि उनके प्रदर्शन को प्रभावित करती है। किस तरह सरकारी स्कूलों में सिर्फ वही विद्यार्थी रह जाते हैं जिनके पास कोई दूसरा विकल्प नहीं बचता?. इन में से ज्यादातर बच्चे पहली या दूसरी पीढ़ी है जो स्कूल जा रहे है। इनके पास घर में शैक्षणिक मदद की कोई सी भी वो संभावनाएं मौजूद नहीं हैं जो बेहतर स्थिति वाले उन परिवारों के बच्चों को हांसिल हैं जो प्राइवेट स्कूल में पढ़ने जाते हैं। इनके सामने निर्बाध रूप से रोज़ स्कूल जाने में भी इतनी व्यवहारिक व आकस्मिक चुनौतियां होती हैं की वे अक्सर स्कूलों से गैर-हाज़िर रहते हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए जिस तरह की सार्वजनिक व्यवस्थाएं सरकारें द्वारा की जानी थीं वे नहीं की गेन। सीधे तौर पर इन विद्यार्थियों की गैर हाजरी को उनकी पढ़ने के प्रति अनिच्छा

या ऐसी संस्थाओं के अभाव के रूप में पेश कर दिया जाता है। इसके अलावा, खराब प्रदर्शनों को सिर्फ शिक्षक की लापरवाही से जोड़ दिया जाता है और व्यवस्थागत कारणों को नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है।

दिल्ली में स्कूली शिक्षकों का एक बहुत ही अच्छा सोचने वाला छोटा-सा संगठन है। उसका नाम है लोक शिक्षक मंच। उसमें ज़्यादातर दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के द्वारा प्रशिक्षित शिक्षक हैं। ये वे लोग हैं जिनकी चेतना अभी भी बड़ी सक्रिय है। ये लोग बहुत लिखते हैं, सेमिनार करते हैं, लगातार स्कूली शिक्षा के बारे में काम करते रहते हैं। उनकी दो किताबें है। एक किताब है "स्कूलों का एनजीओकरण"। उसमें उनके अपने अनुभव और उनपर आधारित उनका विश्लेषण मौजूद है। उन्होंने दिखाया है की कैसे एक NGO द्वारा एक ऐसा कार्यक्रम चलाया जाता है जिसके अंतर्गत वह लोगों से यह गुज़ारिश करता है की वे किसी एक गरीब छोटी उम्र की छात्रा ("नन्ही कली") की आर्थिक मदद करने के लिए उसे गोद लेलें?। कैसे इस कार्यक्रम के नाम पर बच्चों के इंसानी वुजूद, उनकी गरिमा, स्कूल के दैनिक क्रियाकलापों व स्थाई शिक्षकों की स्थिति के साथ खिलवाड़ होता है? कैसे वो NGO उन बच्चियों को एक नाटक बना देता है? कैसे-कैसे NGO कर्मी स्थाई शिक्षक का स्थान खुद लेने लगते है? ऐसी खबर भी है की बाद में जब इसी NGO के एक वरिष्ठ अफसर ने स्कूली व्यवस्था के बारे में कुछ बुनियादी सवाल उठाने की जुर्रत की तो उसे नौकरी से निकाल दिया गया और इस तनाव में उसने आत्म हत्या कर ली।

दरअसल किसी स्कूल में चमक-दमक के साथ एक दिन कुछ आकर्षक काम कर देना अलग बात है। तमाम विषम परिस्थितियों के बावजूद उस स्कूल को लगातार चलाते रहना दूसरी बात है। ये वहीं का एक नियमित शिक्षक ही जान सकता है। खुद शिक्षक होना और बाहर से आकर उसके बारे में लिखना सच में बहुत बड़ा फर्क होता है।

प्रोफेसर Michael WI Apple की किताबें बहुत से शिक्षा संस्थानों में पढ़ाई जाती हैं। उन्हें NCERT ने public lecture देने के लिए बुलाया गया था। मैं और वे बाहर खड़े होकर बात कर रहे थे। बाद में उनका वो lecture मैंने ही Mainstream नाम की पत्रिका में छापा था। उन्होंने एक बात कही जो बात पद्मा सारंगपानी ने दिल्ली के अलीपुर गॉव में स्थित एक स्थानीय निकाय के स्कूल के अध्ययन में भी अपने ढंग से कही है कि शिक्षक इतनी मेहनत करता है। बच्चों को पढ़ाता है। सिस्टम में इतने सारे व्यवधान होने के बावजूद सिस्टम को इतने सालों तक चलाए रखता है तो हमें शिक्षक की सफलताओं को दर्ज करने का काम भी करना चाहिए। उनकी बात बिलकुल ठीक है। Michael WI Apple और James 'A' Beane द्वारा सम्पादित एक किताब है Democratic Schools जिसका अनुवाद एकलव्य ने किया है। इस पुस्तक में संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का बहुत जबरदस्त काम दिखाया गया है।

Scanned with CamScanner

यह जरूरी है कि जनता की भागीदारी शिक्षा में हो। हर शिक्षाशास्त्री और शिक्षा के बारे में अच्छा सोचने वाला हर व्यक्ति शायद ऐसा ही चाहेगा। लेकिन हम यह भी चाहेंगे कि हमारी भागीदारी उसके लोकतांत्रिक स्वरूप को और पुख्ता करने में सहायक हो। ऐसा न हो जैसा दिल्ली में हुआ जहां एक बड़े NGO के आला अफसरों को शिक्षा निदेशालय में ही दफ्तर दे दिया गया। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में जो कुछ उम्मीदें जगाई थीं, शायद इस तरह के NGOs के प्रभाव के चलते, एक नई बुनियादी समस्या को खड़ा कर दी। उन्होंने तो बच्चों की तथा कथित योग्यता के आधार पर साधारण सरकारी स्कूलों में भी उनके एक ही कक्षा के अलग-अलग अनुभागों (sections) में बाँट दिया। उनकी पाठ्यपुस्तकें और उनकी परीक्षा प्रणाली भी बदल दी गयी। ऐसा तो पहले कभी भी कम से कम सरकारी नीति के द्वारा नहीं हुआ था। सोचने की गंभीर बात यह है की ऐसा खतरनाक बदलाव क्यों एक राजनैतिक मुद्दा नहीं बना? क्या नवउदारीकरण के नव-उदारवादी विमर्श ने समता के अधिकार के आधुनिक सिद्धांत को सतह के नीचे दफन कर दिया है?

यहां तक, दिल्ली में एक बड़ी प्रक्रिया के अंतर्गत SCERT के द्वारा बनाई गई पाठ्यपुस्तकों को हटाकर पहले NCERT की पाठ्यपुस्तकों को लगाया गया। अब तो एनजीओ के द्वारा बनाई गई पाठ्यपुस्तकें भी वहाँ के स्कूलों में लगाया जा रहा है। लेकिन यह बात सिर्फ दिल्ली की नहीं है। क्यों कर्नाटक की सरकार SCERT को एक NGO को देने का फैसला करती है? वो तो वहाँ की जनता ने इसका विरोध करके उस निर्णय को रुकवाया। क्यों उत्तराखंड की SCERT द्वारा स्थानीय भाषा में बनाई गई व स्थानीय उदाहरणों से भरपूर पर्यावरण विषय की पाठ्यपुस्तक को हटाकर NCERT की बनाई पुस्तकें लगाई जाती हैं? आपने बताया की अन्य विषयों की वे पाठ्यपुस्तकें भी हटा दी गयीं जो आपने यहां SCERT के अंतर्गत बनाई थीं और जिनके बारे में प्रसिद्ध शिक्षाविदों का भी मानना था की ये बहुत अच्छी हैं? क्यों इनकी जगह NCERT की पुस्तकें लगा दी गयी?

क्या आप शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों व तमाम विषयों के उन विशेषज्ञों में जो विश्वविद्यालयों, स्कूलों व अन्य शोध संस्थानों में कार्यरत हैं वो काबलियत नहीं है? NCERT, SCERT और DIET में वो काबिलियत नहीं है? आपने इतनी अच्छी-अच्छी पाठ्यपुस्तकें बनाई हैं। ज़रूर पहले वाली पाठ्यपुस्तकों में कुछ न कुछ समस्याएँ रह गई थीं। यह आपने माना। तभी तो आपने नई पाठ्यपुस्तकें बनाई। उनको और सुधारने की बजाय अब उस काम को दूसरी (प्राइवेट) एजेंसियों को देने की प्रक्रिया (यानी out sourcing) चालू हो गई है।

ऐसा क्यों होता है? दरअसल, यदि एक तरफ ऊपर दिए गए उदाहरण सरकार द्वारा स्कूली ज्ञान के केन्द्रीकरण (centralization) और समरूपीकरण (homogenization) की प्रक्रियाओं को भी दर्शाते हैं तो दूसरी तरफ प्राइवेट निवेशकों और उनके संगठनों के बढ़ते दबाव को दिखलाते हैं। पहली प्रक्रिया का नाम भी private sector के coaching centers को पहुंचता है। यदि उच्च शिक्षा संस्थानों, खासकर व्यावसाइक शिक्षा संस्थानों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाओं में देश भर

में एक जैसी पाठ्यपुस्तकों से सवाल पूंछे जाएँगे तो coaching institutions की राष्ट्र व्यापी बड़ी-बड़ी शृंखलाओं को पैसेवाले लोगों को तैयारी कराने में आसानी होगी। इस तरह दरअसल योग्यता (merit) के नाम पर आयोजित दाखिले की प्रक्रिया रुतबे वाले लोगों के वर्चस्व को बनाए रखने का काम करेगी। आप जानते ही होंगे की किस तरह पिछले एक दशक में डॉक्टरी, इंजीनियरिंग, बिज़नेस मैनेजमेंट आदि विषयों की उच्च शिक्षा के संस्थानों में दाखिले की परीक्षाओं का राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीकरण हुआ है। अब इनके लिए पूरे देश में एक ही परीक्षा आयोजित की जाती है। यहां मैं इस प्रक्रिया से होने वाले तमाम नुकसानों की चर्चा नहीं करूँगा। लेकिन यह रेखांकित करना ज़रूर चाहूंगा की इस केन्द्रीकरण का सीधा नाता पूरे देश में राज्यों के स्तर पर बनाई गई पाठ्यपुस्तकों को हटाकर NCERT के द्वारा बनाई गई पाठ्यपुस्तकों को लगाने की प्रक्रिया के साथ करीबी रूप से जुड़ा है। ऊपर लिखित केंद्रीय परीक्षाओं की शुरुआत से यह प्रक्रिया काफी तेज़ हुई है। अब जो लोग पले तड़े शहरों में रहते हैं और कोचिंग सेंटर्स की महँगी फीस अदा कर सकते हैं, उनके दाखिले की संभावनाएं ज़्यादा हैं। दूसरी तरफ इस प्रक्रिया की वजह से स्कूली ज्ञान पाठकों के परिवेश से और ज़्यादा दूर व गैर-प्रासंगिक होता जा रहा है।

यह तो अजीब विडम्बना है की शिक्षा व्यवस्था में लगातार नई-नई परतें कायम की जा रही हैं: नए-नए किस्म के स्कूल सरकारी व निजी क्षेत्रों में खोले जा रहे हैं, जो समाज के अलग-अलग वर्गों और समुदायों को उनकी हैसियत, या तथाकथित योग्यता के आधार पर दाखला देते हैं; जबकि शिक्षा व्यवस्था में आमूल सुधार के लिए समता के सिद्धांत का अनुकरण करना आवश्यक है। तो दूसरी तरफ, ज्ञान व भाषा के क्षेत्रों में लगातार समरूपता को बढ़ावा दिया जा रहा है जहां असल में विविधता को संरक्षित व प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह भी अजीब है की ऐसी व्यवस्थागत असमानता और सामाजिक गैर-बराबरी के माहौल में, विद्यार्थियों या प्रतिस्पर्धियों से एक-जैसे प्रदर्शन को भर्ती का आधार बनाया जा रहा है। यानी सब तरफ गैर- बराबरी को बनाए रखनेवाली व्यवस्थाएं और फिर भी आगे पढ़ने और बढ़ने के लिए एक-जैसे मानकों को हासिल करने की दरकार।

देश के किसी भी राज्य की तुलना में तमिलनाडु में मेडिकल कॉलिजों की संख्या सबसे ज़्यादा थी। तमाम किस्म की समस्याओं के बावजूद, तमिल नाडु में बारहवीं कक्षा के बाद डॉक्टरी की पढ़ाई के लिए MBBS में दाखले की व्यवस्था अपेक्षाकृत ज़्यादातर लोगों के लिए सुगम्य थी क्योंकि भर्ती का आधार बोर्ड की परीक्षा में हासिल किये गए अंक पर आधारित था। सामाजिक रूप से पिछड़ी जातियों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी थी। लेकिन NEET के लागू होने के बाद यह ज़्यादा लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो गई। बारहवीं कक्षा के अंकों का महत्व मेडिकल कॉलिजों में दाखले की प्रक्रिया में खत्म हो गया। ग्रामीण इलाकों का आरक्षण गया। प्रांतीय भाषा में प्रांतीय स्तर पर लिखी पाठ्यपुस्तकों की जानकारी अब दोयम दर्ज़े

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

की बन गयी। राष्ट्रीय बोर्ड के साथ जुड़े स्कूलों के विद्यार्थियों की तुलना में राज्य के बोर्ड से जुड़े स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए मुकाबला मुश्किल हो गया। वे लोग जो महंगी कोचिंग हासिल कर सकते हैं उनकी संभावनाएं बढ़ गईं।

अनीता नाम की एक 17 वर्ष की बहुत ही मेधावी, गरीब, दलित व ग्रामीण इलाके की लड़की ने बारहवीं कक्षा की तमिलनाडु राज्य के बोर्ड की परीक्षा में 1200 में से 1176 मार्क्स प्राप्त किये थे। नीट की वजह से बारहवीं कक्षा में अब्बल दर्जे के मार्क्स पाने के बाद भी उसे अपनी पसंद के मेडिकल कॉलेज में दाखला नहीं मिला। इस पीड़ा में उसने 1 सितम्बर 2017 को आत्म हत्या करने का दुखद कदम उठाया। अपने आखरी खत में उसने लखा की 'जब किसी को समान अवसर नहीं मिलते, तो वे एक परीक्षा (सिंगल एग्जाम) के द्वारा किसे धोखा दे रहे हैं?'

5 क्या पढ़ाया जाए और कैसे

ऐसी स्थिति में आप के इस सवाल का जवाब देना तो बहुत ही जटिल है की कक्षा में क्या पढ़ाया जाए? आप इसे शिक्षा पद्धति (pedagogy) की नज़र से देखना चाहती हैं तो मैं दो उदाहरण देना चाहूंगा। इन में से एक सम्यवादी क्रांति का है और दूसरा एक पूंजीवादी देश से है। दोनों ही इस सन्दर्भ में उपयोगी हो सकते हैं।

रूसी साम्यवादी क्रान्ति के बिल्ड में प्रयोगों पर SHEILA FITZPATRICK की एक ज़बरदस्त किताब है जिसका शीर्षक है THE COMMISSARIAT OF ENLIGHTENMENT जो 1917 में CAMBRIDGE UNIVERSITY PRESS से छपी। इसमें ख़ास तौर पर वहां के शिक्षा आयोग की 1917 से 1921 के दौर की योजनाओं, गतिविधियों और दृष्टिकोण की चर्चा की गयी है। Lunacharsky (आयोग का मुखिया), Krupskaya (Lenin की पत्नी), Pokrovsky और Litkens इस शिक्षा आयोग के चार सबसे महत्वपूर्ण सदस्य थे और इन चारों के अलावा Lenin इनके संवादों में बाहर से शामिल होता थाइन्होंने ऐसी शिक्षा का प्रचार किये जो देश और स्थानीय समुदायों की ज़रूरतों के मुताबिक़ हो और जिसमें विद्यार्थी व शिक्षक ज्ञान की रचना व पुनर्रचना को काम के द्वारा हांसिल करें। भारत में, शैक्षिणिक ज्ञान पर ब्राह्मणवादी वर्चस्व और बाबू यानी clerk पैदा करने की अंग्रेजी सरकार की नीति के विरुद्ध, जोतीराव फुले ने 19विन सदी में और महात्मा गांधी ने 20वि सदी में करके सीखने की शिक्षा पद्धति की वकालत की थी। 20 वी सदी में ही संयुक्त राज्य अमेरिका में भी प्रसिद्द शिक्षाविद जॉन दुवि ने पढ़ने-पढ़ाने के इसी तरीके के बारे में विस्तार से लिखा। लेकिन सोवियत रूस ने इस शिक्षा पद्धति को अपने क्रांतिकारी

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य स्तम्भ बनाया और प्रोत्साहित किया। शिक्षा में करके सीखने की नीति के जरिये लोगों व देश की समस्याओं को सुलझाने की कोशिश की।

जब यह जानने के उद्देश्य से की क्रान्ति के बाद विभिन्न इलाकों में शिक्षा में क्या सुधार हुए हैं और उसकी क्या स्थिति है आयोग के सदस्यों ने देश भर का दौरा किया तो उन्हें बहुत अलग अलग किस्म के अनुभव देखने को मिले। यह प्रयोग इतने आकर्षक थे की दुनिया भर के लोग उन्हें देखने आ रहे थे। सबसे आश्चर्य जनक बात यह है की कुछ जगहों पर कोई काम नहीं हुआ था। जब आयोग के सदस्यों ने वहां के लोगों से इसका कारण जानना चाहा तो उनका जवाब यह था की वे आयोग या सरकार से किसी ठोस योजना की घोषणा का इंतज़ार कर रहे थे। आयोग ने उन्हें फिर भी कोई पहले से तयशुदा कार्यक्रम नहीं बताया। बल्कि आयोग ने उन्हें समझाया की शिक्षा की इस तरह की कोई भी योजना ऊपर से नहीं थोपी जाएगी। क्रांति के उद्देश्यों को हांसिल करने के लिए, लोगों और देश की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए, और मौजूदा समस्याओं के समाधान के लिए शोधों को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय समुदायों को जो उचित लगे शैक्षिक ज्ञान की रचना वा पुनर्रचना की योजनाएं वे खुद ही बनाएं।

अब दूसरा उदाहरण लीजिए। बैसल बर्नस्टीन एक प्रसिद्ध अमेरिकी शिक्षाविद हैं। उनकी किताबों का अनुवाद करके यहाँ के ड्राफ्ट में पढ़ाना चाहिए। बैसल बर्नस्टीन ने क्लासरूम शिक्षण के तीन तरीके या फ्रेम्स बताए हैं।

पहला, स्ट्रांग फ्रेम: शिक्षक जो पाठ पहले से तैयार करके जाए कक्षा में उतना ही पढ़ाए, न उससे ज्यादा और न ही उससे कम। बच्चा सवाल नहीं कर सकता। सभी संभावित सवालों का जवाब पहले से तैयार लेसन प्लान में है, ऐसा माना जाता है। शिक्षक ही सवाल पूछता है। शिक्षक का मुख्य उद्देश्य लेसन प्लान को पूरा करना ही होता है। वह ऐसी सभी बातों को जो बच्चे उठाएं और सीधे तौर पर लेसन प्लान से न जुड़ी हों तो शिक्षक उन्हें दरकिनार कर देता है।

दूसरा, नो फ्रेम: बिना किसी पूर्व योजना के क्लास में जाकर शिक्षक द्वारा पढ़ाया जाना: विषय से सम्बंधित ऐसी चर्चा करना जिसमें पाठ के किसी ख़ास हिस्से को पूरा करने का विशिष्ट लक्ष्य या चिंता न हावी हों।

तीसरा, वीक फ्रेम: शिक्षक एक लचीली पूर्व योजना के साथ क्लासरूम में जाता है; क्लासरूम में जो संवाद होता है, उसपर शिक्षक अपनी प्रतिक्रियाएँ देता है, संवाद के आधार पर वह अपनी पूर्व योजना में आवश्यक छूट लेता व देता है और बदलाव करता है। उसका उद्देश्य सिर्फ पाठ खत्म करना नहीं, बल्कि बच्चे कि जिज्ञासा को आगे की तलाश के लिए मार्गदर्शन देना होता है।

Scanned with KEN Scanner

यदि पहले उदाहरण से हमें यह समझ में आता है की शिक्षा का लोगों की ज़रूरतों से जुड़ा होना तथा व्यावहारिक ज्ञान पर आधारित होना आवश्यक है तो दूसरा उदाहरण यह बताता है की किस प्रकार क्लास रूम को अधिक लोकतांत्रिक बनाया जाए और शिक्षकों को बीच फ्रेम के अंतर्गत पढ़ाने के लिए तैयार किया जाए, जिसमें बच्चों के अनुभवों पर चर्चा के लिए भी पर्याप्त स्थान मौजूद रहे। उनके अनुभवों, सोचने की वास्तविक दास्तानों और चुनौतियों पर चर्चा से ऑफिशियल ज्ञान और सामाजिक परिवेश के बीच की खाई को पाटा जा सकेगा। सही मायने में यही समावेशीकरण की तरफ एक ठोस कदम होगा। यह शिक्षा को समाज के ज़्यादातर लोगों के लिए प्रासंगिक बना सकेगा।

लेकिन अब ये कैसे होगा? अब तो शिक्षक प्रशिक्षण तथा In-service Training Programme जैसी सेवाकालीन प्रशिक्षण की भी outsourcing चालू हो गई है। आपके यहाँ भी यह शुरू हो गया है। इन एजेंसियों को न जानें ये जो foundations या NGOs आपके यहां आ रहे हैं, उनकी अर्थव्यवस्था का स्रोत्र क्या है, उनके उद्देश्यों और उनकी कथनी व करनी में फर्क को कभी तो समझने की कोशिश करें।

6 शिक्षा की नवउदारवादी विचारधारा को चुनौती के कुछ उदाहरण और विकल्प

हमने अब तक यह देखा है की किस तरह आधुनिक राष्ट्र राज्यों के उदय के साथ ही सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्थाओं की स्थापना होने लगी; फिर कैसे नवउदारवादी दौर में शिक्षा का बाज़ारीकरण शुरू हुआ, और कैसे नवउदारवाद ने शिक्षा के ढाँचे में नई-नई परतें खड़ी करके गैर-बराबरी को और ज़्यादा बढ़ाने का काम किया है।

दूसरी तरफ इसी नवउदारवाद के दौर में, जब वर्ल्ड बैंक और विश्व व्यापार संगठन दुनिया भर में सरकारों पर शिक्षा पर खर्च कम करने का दबाव बना रहे हैं, स्कैंडिनेवियन देशों जैसे फिनलैंड, डेनमार्क, और स्वीडन आदि, ने पूरी तरह से राज्य द्वारा वित पोषित सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था की स्थापना की है।

जर्मनी, जहां सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था की स्थापना सबसे पहले शुरू हुई, वहां इसका ढांचा अब भी काफ़ी मज़बूत है। उसकी कई संस्थाएं जैसे मैक्स वेबर फाउंडेशन और रोज़ा लक्समबर्ग फाउंडेशन आदि में रात में नए तरह के संगठन उतारने की कोशिश कर रहे हैं। ये सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के समर्थन में विमर्श और शोध को प्रोत्साहित करने का काम करेंगी, न कि इंग्लैंड की DFID, या विश्व बैंक या दूसरे अन्य NGOs की तरह निजीकरण की वकालत।

ग्रीस ने खुद इंग्लैंड में भी 4 जून 2015 में No to Austerity Campaign में शिरकत की जिसमें 1 लाख से ज़्यादा लोग शामिल हुए। विश्व बैंक ने कहा कि सामाजिक महत्त्व की मदों (social sector) पर पैसा कम खर्च करो तो सरकारें austerity (मितव्ययता) के नाम पर ऐसा करने लगीं। इंग्लैंड में विश्व बैंक की इस दबावकारी नीति के खिलाफ इतना बड़ा आंदोलन (campaign) हर साल आयोजित किया जाता रहा है जिसमें लाखों लोग शामिल होते रहे हैं। वहाँ जो औरतें और मर्द अपने छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आए थे, उससे मैं तो बहुत प्रभावित हुआ। अभी हाल ही में पहली बार वहां की लेबर पार्टी ने यह ऐलान किया है की आनेवाली आम चुनावों के घोषणापत्र (manifesto) में वह एक राष्ट्रीय आयोग गठित करने का वादा करेंगे जो निजी शिक्षा संस्थाओं का राष्ट्रीयकरन करेगा।

पिछले कई दशकों से, अमेरिका में 'समान स्कूल व्यवस्था' को बर्बाद करने के विरुद्ध जबरदस्त विरोध प्रदर्शन चलते रहे हैं। दरअसल, सार्वजनिक व्यवस्था की बर्बादी का सबसे ज़्यादा प्रभाव, वहां के गरीब गोरों के साथ-साथ वहां के मूल निवासियों और दूसरे देशों से आए काले लोगों व अन्य अल्प संख्यकों पर सबसे ज़्यादा पड़ा है। इसलिए उनके गठजोड़ से बनी सामूहिक एकता के द्वारा लगातार सार्वजनिक शिक्षा संस्थानों को बचाने की लड़ाई लड़ी जा रही है। अक्सर ऐसे संघर्षों का नेतृत्व महिलाएं कर रहीं हैं।

चीन भी 2004 के बाद से समान शिक्षा व्यवस्था (common education system) के रास्ते पर वापस लौटने लगा है। 1990 के दशक से उन्होंने भी स्थानीय समुदायों (local communities) के हाथों में कई बुनियादी इंतज़ामों की ज़िम्मेदारी देने के नाम पर सरकार की भूमिका को कम कर दिया था, जैसे शिक्षकों की नियुक्ति आदि। स्थानीय समुदायों को बोला कि स्कूल पर खर्च करो इस व्यवस्था ने उनकी शिक्षा व्यवस्था को कमज़ोर करना शुरू कर दिया था, जिसे उन्होंने 2004 में वापस पलट दिया। अब उन्होंने वापस पुराना रास्ता अपना लिया। पैसा देना, टीचर नियुक्त करना सरकारों का काम है। समुदाय ज्ञान सृजन में अपना योगदान दे।

भूटान जैसे एक छोटे-से देश के राजा ने भी यह नियम लागू किया है कि राज परिवार के बच्चे उन्हीं स्कूलों में पढ़ेंगे जहाँ बाकि के बच्चे पढ़ने जाते हैं।

तो क्या भारत वह रास्ता नहीं चुन सकता था? ज़रूर चुन सकता था। पहली बार आज़ाद देश की सरकार ने यह मौक़ा संविधान बनाते समय खोया, जिसकी चर्चा हम ऊपर कर आए हैं। दूसरी बार यह अवसर 1960 के दशक में मिला। जब 1962 में भारत को चीन के साथ हुए युद्ध में नुकसान उठाना पड़ा, तब हमारी केंद्रीय सरकार में यह चिंता व्याप्त हो गई थी की देश को मज़बूत आधार कैसे दिया जाए। तब सरकार ने 1964 में शिक्षा और राष्ट्रिय विकास के लिए प्रोफेसर कोठारी की अध्यक्षता में एक आयोग गठित किया, जिसने अपनी रिपोर्ट 1966 में पेश की। इस

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

विस्तृत रिपोर्ट के कई आयाम हैं। इनमें से कुछ तो आज ठीक भी नहीं लगते। लेकिन, इस रिपोर्ट की दो मुख्य सिफारिशें बहुत महत्वपूर्ण हैं।

1। इस रिपोर्ट में कोठारी कमीशन ने कहा कि देश का भला तब ही हो सकता है, जब राष्ट्रिय विकास के लिए शिक्षा की सार्थक भूमिका को स्वीकारा जाए और सरकार सकल घरेलु उत्पाद का कम से कम 6 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च करे। यह तो सरकार आज तक नहीं करती है। सरकार शिक्षा पर सकल घरेलु उत्पाद का 3 प्रतिशत ही खर्च करती है जबकि अब तो यह व्यय ६ प्रतिशत से भी ज्यादा बढ जाना चाहिए था, लोग बढ गए और महंगाई भी बढ गई, इसलिए अब तो 10 प्रतिशत के जरूरत है। पर अब तो सारा ज़ोर शिक्षा को प्राइवेट संस्थानों के हाथों में देने की तरफ बढ़ता जा रहा है। केवल कुछ बहुत ही मजबूर लोगों के लिए ही साधारण केटेगरी के सरकारी स्कूल बचा रखे जा रहे हैं। हाल के समय के कुछ नीतिगत दस्तावेज़, जैसे सुब्रमण्यम समिति द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रिपोर्ट (2015) तो इस निजी निवेश को भी शिक्षा में होने वाले कुल खर्च में जोड कर यह दिखाने की सिफारिश करने लगे हैं की सकल राष्ट्रीय उत्पाद का कितना प्रतिशत शिक्षा पर खर्च होता है।

2। कोठारी कमीशन ने पूरे देश में पड़ोसी स्कूल की संकल्पना पर आधारित समान स्कूल व्यवस्था लागू करने की सिफारिश की थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च न्यायलय के द्वारा 1954 में दिए गए ऊपर वर्णित निर्णय की तरह ही कोठारी आयोग ने कहा कि राज्य के द्वारा ऐसा भेदभाव नहीं होना चाहिए की अलग-अलग विद्यार्थियों केलिए अलग-अलग तरह के स्कूलों की व्यवस्था हो। लेकिन जब उस ज़माने में प्रायवेट स्कूल बहुत कम थे और शिक्षा का ऐसा व्यापारीकरण नहीं हुआ था जैसा की हम आज देखते हैं, तो कोठारी कमीशन ने समान पड़ोसी स्कूल की संकल्पना पर आधारित समान स्कूल व्यवस्था लागू करने की सिफारिश क्यों की? इसे समझने के लिए यह याद रखना बहुत ज़रूरी है जो अक्सर वर्तमान शिक्षा नीति के विश्लेषक भूल जाते हैं की उस समय भारत को किस प्रकार की बहु-परती शिक्षा व्यवस्था सामाज्यवाद की विरासत के रूप में मिली थी। इसकी चर्चा हम लेख के आरम्भ में ही कर आए हैं।

कोठारी कमीशन ने समान स्कूल व्यवस्था की सिफारिश उस ज़माने में पेश की जब भारत में गैर-बराबरी का सबसे बड़ा रूप जातिगत भेदभाव का था। लोग पिछड़ी जाति के विद्यार्थियों के साथ बैठना नहीं चाहते थे। शायद यह आयोग की समान स्कूल व्यवस्था की सिफारिश को लागू न करने का एक बड़ा कारण रहा। इसके अलावा संभ्रांत वर्ग अपने अलग अंग्रेजी माध्यम वाली स्कूलों के माध्यम से अपना वर्चस्व नौकरशाही, अर्थव्यवस्था व राजनीति में बनाए रखना चाहता था। यह इसके बावजूद की सरकार ने 1938 की राष्ट्रिय शिक्षा नीति में समान स्कूल व्यवस्था

को लागू करने का वादा किया था। अभी प्रीवी पर्स की समाप्ति नहीं हुई थी।, प्रांतीय भाषाओं पर आधारित गैर-कॉंग्रेसी क्षेत्रीय राजनैतिक ताकतों का उद्भव होना अभी बाकी था। आरक्षण भी मुख्यतः कागज़ों तक सीमित रहने की वजह से सार्वजनिक क्षेत्रों में हाशिये के लोगों की आवाज़ सशक्त नहीं हुई थी। अब तो इन में से कई बदलाव हो चुके हैं। तो आज क्या संभावना है।

शिक्षा के बाज़ारीकरण के दौर में खराब होती हुई सरकारी स्कूलों की हालत से पैदा होने वाले राजनैतिक दबाव का एक अच्छा उदाहरण बिहार राज्य में देखने को मिला। वहां नितीश कुमार की सरकार को बिहार में समान स्कूल व्यवस्था लागू करने का मसौदा तैयार करने के लिए मुचकुन्द दुबे की अध्यक्षता में एक आयोग गठित करना पड़ा। इस आयोग ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को 2007 में सौंप दी। लेकिन तबसे राज्य सरकार ने इसे लागू करने की कोशिश नहीं की। यह शिक्षा अधिकार क़ानून के केंद्र सरकार द्वारा 2009 में पारित किये जाने से पहले की बात है। अब शायद मुश्किल पहले से भी ज़्यादा बड़ी है क्योंकि केंद्र सरकार के कानून में समान स्कूल व्यवस्था का प्रावधान नहीं है, बल्कि निजी स्कूलों की वैधानिकता को और भी मज़बूत किया गया है।

एक तरह से देखें तो आज हमारे लिए समतामूलक सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को स्थापित करने की लड़ाई पहले से भी कठिन हो गई है। हमें यह पहचानना पड़ेगा कि सबसे ज़्यादा किसी चीज़ को छीना तब जाता है जब वह पहले से भी ज़्यादा बड़ी मांग बन जाती है। शिक्षा का निजीकरण और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों की खराब हालत उस दौर में ज़्यादा बुनी गई है जब सरकारें शिक्षा को अधिकार के रूप में पेश करने लगी हैं। इसे नव-उदारवादी छलावे की नीति के रूप में भी देखा जा सकता है।

साधारण सरकारी स्कूलों की हालत में बुनियादी सुधार की संभावनाएं तो अब पहले से भी बहुत कम हो गई हैं। आज सरकारी व गैर-सकारी, दोनों ही क्षेत्रों में तमाम किस्म के स्कूल स्थापित हो गए हैं जो न केवल संसाधनों और सुविधाओं के स्तर पर एक दुसरे से ऊंचे-नीचे हैं, बल्कि समाज के अलग अलग वर्गों और समुदायों के विद्यार्थियों को उनकी हैसियत के मुताबिक़ दाखला देते हैं। हालांकि शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 ने प्राइवेट स्कूलों की पहली कक्षा में होने वाले दाखिलों में 25 प्रतिशत कोटे की व्यवस्था की है, लेकिन यह हम ऊपर ही दिखा चुके हैं की इसका क्या नकारात्मक प्रभाव बहुसंख्यक लोगों के साधारण सरकारी स्कूलों पर पड़ा है।

दूसरी तरह से देखें तो यह लग सकता है की भले ही उस ज़माने में लोगो ने कोठारी आयोग की ऊपर वर्णित दोनों सिफारिशों के महत्व को शायद उतनी गंभीरता से न लिया हो, लेकिन आज

Scanned with CamScanner

उनके महत्व को शायद बेहतर तरह से समझ सकेंगे। उन्हें चरितार्थ करने की अनुकूल परिस्थितियां (objective conditions) बनने लगी हैं, क्योंकि आज शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भेदभाव पहले से भी ज्यादा साफ नजर आने लगा है। अब तो अधिकांश जातियों, वर्गों व सम्प्रदायों के लोग इसका शिकार हो रहे हैं, क्योंकि अब व्यवसायीकरण (commercialization) का घुसपैठिया उनके घरों तक पहुँच गया है, हर जगह वो इस घुसपैठिये के द्वारा पीसे जा रहे हैं। बुनियादी सुविधाओं व सेवाओं (जिसमें शिक्षा भी शामिल है) के बाज़ारीकरण का संकट इस हद तक बढ़ता जा रहा है की अब यह उस वर्ग को भी चिंतित करने लगा है जो अबतक अपने आप को इससे बाहर समझ रहे थे। जैसे डॉक्टरों के कई बड़े संगठनों ने भी शिक्षा के व्यवसायीकरण के खिलाफ चोंचे खोला है।

यही एकसाथ तमिलनाडु के एक कलेक्टर (District Magistrate) और उनकी पत्नी को हुआ जब उन्होंने अपने बच्चे का सरकारी स्कूल में दाखिला करवाया। वो शायद यह चाहते थे की उनका बच्चा सरकारी स्कूल में पढ़े और वह एक उदाहरण बने अन्य रुतबे वाले लोग भी ऐसा करें और इस तरह से पूरी व्यवस्था बदले। लेकिन वो ज्यादा दिनों तक अपने इस फैसले पर कायम नहीं रह सके। दबाव शायद इतना था की उन्हें अपने बच्चे को सरकारी स्कूल से हटाना पड़ा। दरअसल यहां हम यह भी देख पाते हैं की सामाजिक समस्याओं को व्यक्तिगत स्तर पर सुलझाने की कोशिशों की क्या सीमाएं होती हैं।

शिक्षा के बाज़ारीकरण और बहु-परती व्यवस्था के इस प्रभाव जन-साधारण के लिए खोले गए सरकारी स्कूलों पर इतनी साफ तौर पर दिखने लगे हैं की अनायास जस्टिस अग्रवाल ने एक बहुत ही क्रांतिकारी निर्णय दिया। 18 अगस्त 2015 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया की वह सुनिश्चित करे की सभी सरकारी कर्मचारी, अर्ध- सरकारी कर्मचारी, स्थानीय निकाय, जन-प्रतिनिधि (सरपंच से लेकर मुख्यमंत्री तक) तथा राजकीय खज़ाने या सार्वजनिक निधियों से किसी भी तरह का लाभ या आमदनी उठाने वाले सभी व्यक्तिप्राथमिक शिक्षा पाने की उम्र के अपने बच्चों को सरकारी बेसिक शिक्षा बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे प्राथमिक स्कूलों में ही भेजे। (उत्तर प्रदेश के विशेष सन्दर्भ में प्राथमिक शिक्षा का मतलब कक्षा 1 से 8 तक कि प्रारंभिक शिक्षा से है जिसमें उच्च प्राथमिक शिक्षा यानी कक्षा 6 से 8 भी शामिल है)। यह भी स्पष्ट है की इस फैसले के दायरे में केवल सरकारी- कर्मचारी, अर्ध-सरकारी-कर्मचारी और जन-प्रतिनिधियों के अलावा समाज का एक काफी बड़ा बहुसंख्यक तबका आता है। ऐसा इसलिए है की इस फैसले में उन लोगों को भी शामिल किया गया है जो राज्य के खजाने से किसी भी किस्म का कोई भी लाभ उठाते हैं जैसे ठेके पर लगाए मजदूर और ठेकेदार आदि।

अदालत ने पाया की आज़ादी के 65 सालों के बाद भी आम सरकारी स्कूल (जिन्हे इस फैसले में आम लोगों के स्कूल कहा गया है) बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाओं से महरूम है, क्योंकि नीति -निर्धारक अपने बच्चों को संपन्न या अर्ध-संपन्न वर्गों के प्राइवेट स्कूलों में भेजते हैं और इसलिए सरकारी स्कूलों में उनकी कोई ख़ास रुचि नहीं रह गई है। अदालत ने सरकार को छह महीनों की तयशुदा अवधि के अंदर फैसले को लागू करके रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया ताकि यह बदलाव मुमकिन हो सके।

अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को यह निर्देश भी दिया की आदेश को न मानने वालों को सजा दी जाए। मसलन, अगर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे प्राइमरी स्कूल में न भेजकर किसी निजी प्राइमरी स्कूल में पढ़ने भेज रहा है तो उसे ऐसे निजी प्रबंधन के स्कूल में दी जाने वाली फीस और दूसरे खर्चों के बराबर की रकम हर महीने सरकारी निधि में जमा करनी होगी। इस एकत्रित राशि का बोर्ड के स्कूलों की बेहतरी के लिए उपयोग किया जा सकता है। इसके आलावा अगर ऐसा व्यक्ति नौकरी में लगा है तो इस अवधि तक उसकी नियमित तनख्वा में वृद्धि पर रोक या पदोन्नति में रोक जैसे नुक्सान - जैसा भी ठीक रहे-ठहाने होंगे। यह केवल मिसाल के तौर पर कहा गया है। सरकार द्वारा उचित सावधान किये जाएंगे ताकि ऊपर लिखे विवरण के मुताबिक लोगो के बच्चो या उनकी देखभाल में पल रहे बच्चों को बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे स्कूल में प्राथमिक शिक्षा लेने को मजबूर किया जा सके।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को ध्यान से पढ़ा जाए तो हम पाएंगे की इसका आधार 2009 का शिक्षा अधिकार क़ानून नहीं बल्कि वह पूरा संवैधानिक ढांचा है, जिसमे शिक्षा को अब बुनियादी हक़ का दर्जा मिल चुका है। इसलिए अगर किसी आवेदनकर्ता ने आम लोगो के स्कूलों के पक्ष में ऐसे किसी निर्देश के लिए आग्रह न भी किया हो, फिर भी मौजूदा हालात को न्यायिक संज्ञान लें लेना अदालत का संवैधानिक विशेष और वैध अधिकार है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके की बिना किसी अवरोध के नागरिक अपने बुनियादी हको का इस्तेमाल कर सकें। दूसरे बुनियादी हको की तुलना में शिक्षा का हक़ ऐसा अधिकार है, जिसके लिए पहले से इंतेज़ाम करना जरूरी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पाया की चूँकि राज्य के अधिकारियो के सरकारी स्कूलों से अपने निजी हित नहीं जुड़े हैं, इसलिए उनमे गैर-जिम्मेदाराना प्रवतिया है, जिसकी वजह से अद्ध्यापकों की भर्ती में गलत तरीके अपनाये जाते है और इससे शिक्षा के स्तर के साथ समझोता होता है। आखिर इन आवेदनों का मूल सवाल अद्ध्यापकों की नियुक्ति के लिए अनिवार्य योग्यता के साथ जुड़ा था, जो शिक्षा के बुनियादी हक़ का अभिन्न हिस्सा है।

उच्च न्यायालय ने ग़ौरमांया की कमी शिक्षकों के हज़ारो पदों पर नियुक्तियां होती थी, पर इन नियुक्तियों की निगरानी करने वाले अधिकारियों के गैर-जिम्मेदार, गलत और असावधानियों,

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

समता की लड़ाई खत्म हो जाएगी? बिलकुल नहीं, क्योंकि उस दिन दूसरी समस्याएँ हमारे सामने खड़ी हो चुकी होंगी ये तो लगातार चलाए रखने लायक लड़ाई है।

पर गैर बराबरी के खिलाफ इस लड़ाई या प्रयास के लगातार चलते रहने से समाज, राष्ट्र, विश्व और इंसानियत की बेहतरी होती है और न चलने से अविकास व रुढ़ीवाद की प्रक्रियाएं मज़बूत होती हैं क्योंकि वो वितरणीय न्याय के सिद्धांत को उलट देती हैं। जब कम लोगों का विकास होगा तो समाज, राष्ट्र, विश्व या इंसानियत की बेहतरी कैसे हो सकती है। यदि ज़्यादा लोग उसका लक्ष्य होंगे तब वे स्वेच्छा से उसने अपना योगदान दे सकेंगे तो विकास की प्रक्रिया मज़बूत, रफ़्तार तेज़ और अवधी दीर्घकालिक होगी।

इसके अलावा समता का सवाल हर व्यक्ति की अपनी व्यक्तिगत गरिमा और अधिकार का प्रश्न भी है। इसलिए भी भेदभाव मुक्त समाज एक ज़रूरत है।

लेकिन बराबरी या गैर बराबरी का सवाल व्यक्तिगत, वर्गीय, लैंगिक, या सामुदायिक हितों के टकराव का सवाल भी है। गैर बराबरी की बुनियाद इस बात पर है की कुछ लोगों के पास ज़्यादा ताक़त, संसाधन और रुतबा है। वह इसे गवाना नहीं चाहते।

मौलिक रूप से ताक़तवर होने के अलावा, यह रुतबा एक ख़ास तरह की सोच भी पैदा करता है। यह हमारी मानसिकता में ऐसे जड़ जमा लेता है की हमें अक्सर यह एहसास भी नहीं होता की हम भी इसकी जकड में हैं। हम दूसरों का मूल्यांकन अपने चश्मे से करने लगते हैं और उन्हें अपात्र और अयोग्य बताने लगते हैं। उनकी कुशलताओं, ज्ञान, और विधाओं को मांपने की काबलियत दरअसल हम में बाकी ही नहीं रह गयी होती है।

अभी तो समता की चरम अवस्था वाली आदर्श कल्पित स्थिति नज़र में कहीं है ही नहीं। अभी जो लड़ाई हम लड़ रहे हैं, वो तो उन अधिकारों और उस स्थिति को हांसिल करने की है जोकि संविधान में वर्णित है, लेकिन हम आज तक उसे चरितार्थ नहीं कर पाए हैं। बल्कि ऐसा कहा जा सकता है की आज़ादी के बाद से हमारी सरकारों ने ऐसी बहुत सी नीतियां बनाई हैं जोकि संविधान में दिए गए नीति-निर्देशक सिद्धांतों, मौलिक अधिकारों और प्रस्तावना में वर्णित उन मूल्यों के उलट हैं जिनसे समाज में गैर बराबरी को कम किया जा सकता था।

जब भी वो स्थिति आएगी जहां हमने संविधान में वर्णित अधिकारों को सभी लोगों को हांसिल करवा दिया हो और उसके दृष्टिकोण के मुताबिक़ सामाजिक प्रगति कर ली हो तो आगे के रास्ते तय हो जाएँगे। शिक्षाशास्त्र से जुड़ी प्रक्रियाएं और उससे उत्पन्न तार्किक सोच ही उस स्थिति से जूझने व आगे ले जाने का काम करेगी।

उपसंहार

दरअसल, समतामूलक शिक्षा व्यवस्था की स्थापना एक काफी बड़ी राजनैतिक लड़ाई है। इसकी स्थापना तो एक किस्म की क्रांति के बराबर होगी। यदि शिक्षा एक राजनैतिक सवाल है; यह व्यक्ति के विकास और सामाजिक बदलाव का एक यंत्र है; और यदि शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की संभावना हो सकती है; तो उसे यदि धीरे-धीरे, चरणबद्ध तरीके से (in gradual mode and stages) में हासिल कर भी लिया जाए, जैसे यहाँ हो रहा है, तो वो शिक्षा समाज में बदलाव लाने की बजाए, विषमताओं को और पुख्ता करने का काम करेगी। आप ही ने कहा कि सरकारी स्कूलों में 70 प्रतिशत संख्या लड़कियों की है। फिर भी यह सोचना ज़रूरी है की क्या ये सरकारी स्कूल उनके अनुकूल हैं? क्या हम अभी भी शिक्षा में लड़कियों की भागीदारी सही मायने में बढ़ा पाएँ हैं? क्या इस शिक्षा ने यह काम किया है कि वह पितृसत्ता के मूल्यों को चुनौती दे? और हमारे रोज़ के काम के विभाजन में यथोचित बदलाव लायें?

यदि धीरे-धीरे एक चरणबद्ध तरीके से आप शिक्षा अधिकार की सार्वजनिक व्यवस्था को हासिल कर भी लें तो उसके कायम होते-होते वह काफी कमज़ोर हो जाएगी और वो सारी चीज़ें गायब हो जाएँगी जो बदलाव के लिए ज़रूरी है। जैसा हम ऊपर ही देख चुके हैं की जब 1993 में जस्टिस उन्नीकृष्णन ने शिक्षा को एक मौलिक अधिकार माना, उसके बाद से पिछले लग-भग तीन दशकों में, मौलिक अधिकार को लागू करने की व्यवस्था में बढ़ते क्रम में नए-नए किन्तु परन्तु और पेचीदगियां कुछ इस तरह से लाई गई हैं की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था का भविष्य ही खत्री में पढ़ गया है।

हकीकत तो यह है की हम उस दौर में हैं जब किसानों और आदिवासियों की ज़मीनों का हस्तांतरण कॉर्पोरेट घरानों को हो रहा है। वैश्विक पूंजी व बहुराष्ट्रीय कॉर्पोरेशनों के दबाव में साधारण लोगों के छोटे-छोटे दस्तकारी आधारित काम-धंधे वा कुटीर-उद्द्योग बरबाद हो रहे हैं। किसान बड़ी संख्या में गाँव से पलायन कर रहे हैं। एक नई किस्म की सेवा आधारित अर्थव्यवस्था (service economy) तेज़ी से अपनी जड़ें जमा रही है। दूसरे शब्दों में कहें तो उत्पादक को अपने उत्पाद और उत्पादन के साधनो से वंचित किया जा रहा है। आर्थिक गैर-बराबरी पहले से भी ज़्यादा बढ़ रही है। इस दौर में अब जन-साधारण के पास अपनी कुछ बेहतरी के लिए, समाज के उत्थान के लिए, और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए एक ही सीमित तरीका बच गया है; और वह है शिक्षा।

समस्या यह है की शिक्षा का अधिकार तो काफी समय से मौजूद है, फिर भी शिक्षा का सवाल अब भी कोई महत्वपूर्ण राजनैतिक मुद्दा नहीं बन पाया है। जिस दिन शिक्षा का सवाल सही मायने में राजनैतिक मुद्दा बनेगा, शायद तभी ये स्थितियाँ बदलेंगी। शिक्षा को लेकर कभी कोई राष्ट्रीय स्तर पर

Scanned with CamScanner

समतामूलक शिक्षा के निज़ाम का महत्व बेहतर समझ आ सकता है। इलाहबाद उच्च न्यायालय के फैसले ने इन ढांचागत विषमताओं को समस्या की जड़ माना है।

यह हालांकि ध्यान देने वाली दुखद बात है की न तो यह आदेश लागू किया गया; ना ही इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी; ना ही इस सन्दर्भ में अवमानना का कोई मुकदमा सरकार के खिलाफ दायर हुआ; और ना ही कोई बड़ा जन-आंदोलन इसके समर्थन में खड़ा हुआ।

7 समान स्कूल व्यवस्था में गैर-सरकारी संस्थाओं का स्थान

आप के द्वारा पूछे गए दो अन्य सवालों से चर्चा को आगे बढ़ाते हैं। पहला सवाल समता के मतलब, ज़रूरत और संभावित के बारे में है; तो दूसरा प्रश्न यह जानना चाहता है की गैर-सरकारी संस्थाओं के विरोध के क्या कारण हैं। यह दोनों सवाल अपने-आप में इतने जटिल हैं की उन दोनों पर पूरे-पूरे पर्चे लिखे जा सकते हैं। मैं अपने उत्तर को मौजूदा विषय के सन्दर्भ तक सीमित रखूंगा और दूसरे सवाल को पहले लूंगा।

निजीकरण (privatization) का विरोध दरअसल निजीकरण और मुनाफाखोरी की प्रवृत्ति का विरोध और राज्य द्वारा पूरी तरह से वित पोषित समान स्कूल व्यवस्था का समर्थन है। इसका मतलब यह नहीं है की कोई व्यक्ति मौजूदा व्यवस्था में व्याप्त खामियों को दूर करने के लिए कोई वैकल्पिक स्कूल ही न खोल सके। मैं कभी भी ऐसा नहीं चाहूँगा कि ऐसी व्यवस्था बन जाए कि मेरे पास विरोध करने का हक ही न हो, सरकार चाहे किसी भी तरह से पढ़ाती रहे। लेकिन वर्तमान में जो निजीकरण की नीति चल रही है, दरअसल वह तो सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने का और मुनाफाखोरी को बढ़ावा देने का जरिया बन गयी है।

निजी शिक्षा संस्थान दरअसल इस लिए अपत्तिजनक हैं की वे समान शिक्षा व्यवस्था के कई बुनियादी उसूलों का उल्लंघन करते हैं। जैसे कि आप को किसी भी आधार पर पड़ोस के स्कूल में पढ़ने से मना करे, जैसे की यह कहे की आपके पास पैसे नहीं। मान लीजिए कि आपके बगल में कोई स्कूल खुला है वह मैंने खोला है तो उस स्कूल का खर्चा कैसे चलाऊँगा ये मेरी ज़िम्मेदारी है। मैं ऐसा नहीं कह सकता कि आप इस स्कूल में नहीं पढ़ सकते। आप स्कूल खोलिए अगर आप राज्य द्वारा चलाई जा रही शिक्षा व्यवस्था से असंतुष्ट हैं। लेकिन आप बुनियादी सिद्धांतों के साथ खिलवाड़ करके पूरी सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने का काम नहीं कर सकते। आप का उद्देश्य सामाजिक हित होना चाहिए न की व्यक्तिगत। किसी भी रूप में समता के मौलिक अधिकार के साथ समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

यदि कहीं आपके व्यक्तिगत हित और सार्वजनिक हित में टकराव होता है तो एक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सार्वजनिक हित को ही सर्वोपरि मानना चाहिए। मेरे एक दोस्त हैं उनको तमिलनाडु कि सरकार ने कहा कि क्यों ना आपका स्कूल बंद कर दिया जाए। शिक्षा अधिकार कानून की नियमावली के तहत स्कूल की मान्यता के लिए वहां खेल का मैदान होना ज़रूरी है, जो आपके स्कूल के पास नहीं है, तो उन्होंने सरकार को बहुत ही चौंकाने वाला और सटिक जवाब दिया कि हाँ आप निश्चित तौर पर मेरे स्कूल को सरकार के कब्ज़े में ले लें। मेरे दोस्त का यह मानना था की यदि सरकार ऐसा करेगी तो यह एक उदाहरण बन जाएगा। अगर वो ऐसा करेंगे तो उन्हें ऐसे सारे स्कूलों को सरकार के कब्ज़े करना में पड़ेगा। सरकार ने उनसे कहा की नहीं-नहीं, आप अपना स्कूल चलाते रहिये। हमारे पास दूसरे खेल के मैदान है जहां आपके स्कूल के बच्चे भी खेलने जा सकते हैं। यानी सरकार खुद भी ऐसे प्राइवेट स्कूलों को बचाना चाहती है जो शिक्षा अधिकार कानून में दिए गए मानकों और शर्तों को पूरा नहीं करते। इसीलिए राष्ट्रिय शिक्षा नीति पर कस्तूरीरंगन साहिब की रिपोर्ट में और अब तो राष्ट्रिय शिक्षा नीति के 2020 के मसौदे में स्कूल समूहों(school clusters) की अवधारणा भी पेश कर दी गई है।

इस तरह से देखें तो समान स्कूल व्यवस्था में वैकल्पिक स्कूल कुछ अपवादों के रूप में ही मौजूद रह सकते हैं। लेकिन वे कोई भेदभाव नहीं कर सकते। वे सार्वजनिक शिक्षा के विकल्प नहीं हो सकते। बल्कि वे कुछ वैकल्पिक तरह से पढ़ाने के प्रयोग के रूप में ही मौजूद रह सकते हैं। मैं तो यह भी मानता हूँ की यह छूट देने में भी ख़तरा है। इसलिए सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था में ही इतना खुलापन, लचीलापन और जन-सहभागिता बनाए रखना बहुत ज़रूरी होगा की कुछ अलग ढंग से पढ़ाने की आज़ादी हर शिक्षक के पास हो और पाठ्यसामग्री को लोकतांत्रिक तथा विकेन्द्रीकृत तरह से तैयार किया जाए ताकि वैकल्पिक स्कूल खोलने की ज़रुरत ही न पड़े जो आगे चलकर निजीकरण और अन्य किस्म के भेदभावों के जड़ पैदा हों। इसके लिए, सबसे पहले कदम के रूप में, सभी मौजूदा प्राइवेट तथा विशेष वर्गों के सरकारी व सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों का समान स्कूल व्यवस्था के अंतर्गत राष्ट्रीयकरण करना ज़रूरी होगा।

8 समता का सवाल

आपका यह सवाल वाजिब है की क्या समाज में कभी पूरी तरह से बराबरी हांसिल की जा सकती है? ये हो सकता है की समता की एक चरम अवस्था वाली आदर्श कल्पित स्थिति (utopean state of equality) कभी भी स्थापित न हो सके, या आ भी जाए तो अधिक समय तक न टिके।

फ़र्ज़ कीजिये कि किसी दिन गैरबराबरी के वो सारे रूप खत्म हो जाएं जिनके बारे में हम आज सोचते हैं और कल्पित आदर्श स्थिति या समता की चरम अवस्था हांसिल हो जाए, तो क्या उस दिन

Scanned with CamScanner

जवाबतलबी के अभाव, बेईमानी और गिरती साख की वजह से ये नियुक्तियां गंभीर कानूनी दावपेंचों में उलझ गयी है। एक ऐसे वक्त जब आम बच्चो की शिक्षा के लिए सरकारे बिना प्रशिक्षण पाए या अपर्याप्त प्रशिक्षण पाए पैरा-टीचरो की नियुक्ति कर रही है, अदालत ने आम लोगो के स्कूलों में कुशल शिक्षकों की नियुक्ति पर सही चिंता जाहिर की और उत्तर प्रदेश सरकार के उन सभी विज्ञापनों को रद्द कर दिया जिनमे अध्यापक योग्यता परीक्षा (TET) में आए अंको या प्रशिक्षण के साथ किसी भी प्रकार का समझोता करते हुए अध्यापक की भर्ती की गई थी।

इस फैसले में यह भी कहा गया है की राज्य और केंद्र दोनों सरकारे हमेशा कहती रहती है की प्राइमरी स्कूल में बेहतरी लाना जरूरी है, पर जमीनी स्तर पर उनके इरादे कभी सच्चाई में नहीं बदलते। सरकार ने शिक्षा की कई योजनाए चलाई है, पर हालात और बदतर होते जा रहे है। इसलिए अदालत को आम लोगों के स्कूल पर निर्देश जारी करने को मजबूर होना पड़ा, ताकि सामाजिक तौर पर पिछड़े बहुसंख्यक बच्चो के बुनियादी हक़ को दबाया जा सके। इसे सामाजिक सशक्तिकरण भी बेहतर होंगे।

यह हम ऊपर ही देख आए है की कैसे शिक्षा अधिकार कानून 2009 में सरकारी स्कूलों के सुधार के सन्दर्भ में कोई तयशुदा समय सीमा के तहत ठोस कार्यक्रम मौजूद नहीं है। यह क़ानून ये भी सुनिश्चित नहीं करता की नीति-निर्धारकों के बच्चे साधारण लोगों के साथ पढ़ें ताकि यह तबका इन स्कूलों की बेहतरी के लिए ध्यान देने को मजबूर हो। जबकि जस्टिस अग्रवाल ने शिक्षा अधिकार कानून 2009 से कहीं ज्यादा सख्त रुख अपनाते हुए राज्य को आम लोगो के स्कूलों के पक्ष में ठोस कदम उठाने के लिए एक स्पष्ट खाका पेश किया।

सर्वोच्च न्यायालय (Supreme Coourt) के एक फैसले ने शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 के अंतर्गत गैर-सरकारी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान की सवैंधानिक वैधता को मान्यता दी थी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस अग्रवाल वाले फैसले में सरकारी स्कूल व्यवस्था पर वापस ध्यान केंद्रित किया गया है।

सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 के अंतर्गत गैर-सरकारी स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को मान्यता देते हुए एक तरह से यह माना की निजी क्षेत्र पर सार्वजनिक क्षेत्र, समाज और राज्य-सत्ता के भी कुछ अधिकार है। इसलिए जनहित में इस पर नियंत्रण किया जा सकता है। पर इस मुद्दे पर विमर्श से इस विरोधाभाषी बात को बल मिला की निजी स्कूल बेहतर होते है और इससे निजी स्कूलों में बच्चो को भर्ती करने की स्पर्धा बढ़ती है। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने यह कदम सामाजिक न्याय के लिए उठाया, पर इससे सार्वजनिक शिक्षा के निजाम को मजबूत बनाने के जरूरी मुद्दे से ध्यान हटा।

वैसे भी निजी स्कूलो में पिछड़े बच्चो के लिए 25 प्रतिशत कोटा का हिसाब पहली कक्षा में बच्चो की भर्ती की अधिकतम संख्या पर ही लागू होता है। इसलिए प्रारंभिक शिक्षा की उम्र के बच्चो के 3 प्रतिशत से ज्यादा को इसका फायदा नहीं पहुंचेगा। इस प्रतिशत को बढ़ाने के लिए यह जरूरी हो जाएगा की शिक्षा में और ज्यादा निजीकरण होता जाए। इसलिए इससे सरकारी और स्थानीय निकायों द्वारा चलाये जा रहे कुल ढांचे के 80 प्रतिशत स्कूलों की बेहतरी से ध्यान हटकर 20 प्रतिशत से कम के विभिन्न निजी स्कूलो पर चला गया है।

इसलिए निजी स्कूलों में भर्ती की संकीर्ण सोच वाली दौड़ को बढाती और दनादन निजीकरण को बढ़ावा देते शिक्षा अधिकार क़ानून 2009 के वनिस्वत सरकारी स्कूल व्यवस्था को बचाने और उसे बेहतर बनाने में जस्टिस अग्रवाल के फैसले में ज्यादा सक्षम नक्शा दिखलाई देता है। अगर हमारा मकसद गरीब, पिछड़े, दलित और जंगलो, कठिन पहाड़ी क्षेत्रों, सीमांत इलाकों, कम आबादी के इलाको वाले दूर-दराज़ के गावों और घनी आबादी वाली शहरी झोपड़पट्टी में रहने वालो समेत सभी बच्चो को स्तरीय शिक्षा देना है तो निजी स्कूलों में सिमित कोटा नहीं, बल्कि सरकारी स्कूलों की बेहतरी ही हमारा एकमात्र सार्थक विकल्प है।

हालांकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले में सरकारी मदद से चलने वाले या दीगर निजी स्कूलों के राष्ट्रीयकरण का आदेश नहीं है, लेकिन आज निजीकरण के दौर में सरकारी स्कूलों की कार्यकुशलता पर यकीन जताता यह फैसला बहुत खास है। कोठारी आयोग ने यह विचार रखा था की सरकारी स्कूलों का स्तर संतोषजनक बनाए रखने के लिए निजी स्कूलों का धीरे-धीरे विलीन हो जाना जरूरी है। पर उन दिनों निजी स्कूलों की संख्या कम थी। जबकि आज वे हर जगह कुकुरमुत्तों की तरह उग आये है। इसलिए अक्सर यह तर्क दिया जाता है की 1960 के दशक में समान स्कूल व्यवस्था की कल्पना भले ही संभव रही हो, पर आज यह संभव नहीं है। नवउदारवाद ने आम सोच में एक बड़ा बदलाव कर दिया है और यह माना जाने लगा है की सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर अनिवार्य रूप से घटिया होता है और निजी स्कूलों में बेहतर।

लेकिन किसी विचार का महत्व तब बेहतर समझ में आता है जब मौजूदा हालत साफ़ तौर पर उस विचार के उलट खड़ी नज़र आती हो। यही किसी भी बदलाव को लाने की उपयुक्त परिस्थितया कहलाती है जैसे- औद्योगिक क्रांति ने गरीब मजदूरों की फ़ौज खड़ी कर दी तो गरीबी हटाओ और सर्वहारा वर्ग की सत्ता स्थापित करने के नारे बुलंद हुए। इसी तरह जब औद्योगिक पूँजीवाद ने पर्यावरण का असीम दोहन किया तो पर्यावरण बचाव के आंदोलन शुरू हुए। उसी तरह, उपयुक्त परिस्थितियों के निर्माण होने पर, यानी जब सार्वजानिक शिक्षा व्यवस्था को व्यवसाईकरण के द्वारा बर्बाद करके ऐसे प्राइवेट स्कूलों के द्वारा विस्थापित किया जा रहा है जो समाज के विभिन्न वर्गों के साथ भेद- भावपूर्ण रवैया अपनाते है और अधिकाँश बच्चों को बहिष्कृत करते है, तब

Scanned with CamScanner

उतने बड़े जन आंदोलन नहीं हुए। कुछ आंदोलन हुए हैं, लेकिन वे भी काफी सीमित ही रहे हैं और उस मुकाम पर नहीं पहुँच सके जहाँ बड़ी संख्या में जन-साधारण को जोड़ सके हों।

फिर भी यह उल्लेखनीय है की ऐसे प्रथम सत्र के वक्ता आपको आम तौर पर कम ही मिलेंगे जैसे यहाँ उपस्थित हैं, जो DIET में बैठकर ये बात कहें कि हमें केवल संगोष्ठी नहीं करनी है यहाँ से कुछ बात आगे लेकर जानी चाहिए। असहयोग आंदोलन के समय गांधीजी ने कहा था की ऐसी शिक्षा बकवास है की जब देश संकट में हो और उसके विद्यार्थी और उसके शिक्षक संस्थानों से बाहर निकलकर स्वतंत्रता संग्राम में भाग न ले सके। वैसे ही अब हमें शिक्षा संग्राम में भाग लेने की ज़रूरत है।

एक लोकतांत्रिक देश में नागरिकों का यह फ़र्ज़ है की वो सरकारों पर जन-दबाव बनाएं की वह शिक्षा पर उचित ध्यान दे। चुनाव के दौरान अपने इलाके के प्रत्याशी से क्यों नहीं पूछते कि बताओ शिक्षा के बारे में आपकी क्या योजना है। आपने अब तक क्या काम किया है? यहाँ आप एक मुलाज़िम हैं लेकिन यहाँ से बाहर निकलने के बाद सबसे पहले आप एक शहरी यानि नागरिक हैं। आप एक सरकारी मुलाजिम बाद में हैं। लेकिन सबसे पहले आप एक नागरिक हैं। एक नागरिक होने के नाते आपका क्या कर्तव्य है? अगर आप शिक्षा के मामले में इतना गहराई से सोचते हैं तो सरकारी स्कूलों में दूसरा चिपको आंदोलन क्यों नहीं खड़ा हो सकता? क्यों आप अपने स्कूल कॉलेजों को बचाने और सुधारने के लिए स्कूल के बाहर के समुदायों को शामिल नहीं करते? यह भी सोचने की ज़रुरत है की आम लोग क्यों नहीं खड़े हो रहे हैं सरकारी स्कूलों, कॉलेजों, यूनिवर्सिटियों की रक्षा करने के लिए? आपको तो इतिहास रचना चाहिए था। इलाहबाद उच्च न्यायलय ने इतना क्रांतिकारी निर्णय दिया। इतना सुनहरा मौका था, उस पर भी कोई आंदोलन नहीं। कोई क्रांतिकारी निर्णय अपनेआप कैसे लागू हो जाएगा, जब उसके समर्थन में हमने कोई जबरदस्त आंदोलन ही खड़ा नहीं किया?

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with CamScanner

Like Share Anirudh Deshpande and 162 others like this.

April 5, 2018 Thursday

Inclusive

~ AN INTERNATIONAL JOURNAL OF KOLKATA CENTRE FOR CONTEMPORARY STUDIES (KCCS) ~

ISSN 2278-9758; UGC (India) indexed Journal, Journal no. 45538

Inclusive: Special Article: Vol. 1, Issue 12 - January, 2018

Bhaurao Patil's Educational Work and Social Integration

Vikas Gupta

Introduction

Bhaurao Payagonda Patil (22 September 1887-9 May 1959) , popularly known as 'Karmaveer' Bhaurao Patil campaigned for the educational integration of dalits , peasants and other backward sections with a focus on the rural areas. [1]In terms of the number of educational institutions—schools, colleges and hostels—founded by him in the area now known as Maharashtra, which was then the part of the Bombay Presidency, Bhaurao's contribution is perhaps unparalleled among the protagonists of the non-Brahman movement at least in the sphere of education. Further, the case-study of Bhaurao's educational work help us understand the nature of Congress or Gandhian nationalism particularly in terms of the space it granted to the education of backward castes and classes. The paper also documents the problems faced by the students as well as the champions of the education of hitherto excluded groups and tries to assess existing historiographical understanding about the social groups who supported ventures for their amelioration. The present essay although examines mainly the educational work of Bhaurao Patil, it also occasionally juxtaposes his integrationist vision with the approach of the colonial state and some emancipatory struggles, as for instance strived by Jotirao Phule, Dr. B.R. Ambedkar and Mahatma Gandhi.

Early Life of Karmveer Bhaurao Pati

Bhaurao was born on 22nd September 1887 in a family of 'chiefly agricultural Jains living at Kumbhoj in the then Kolhapur princely state in southern Maharashtra'. His father, Payagonda Patil was a government clerk. [2]In 1902, he was admitted to Rajaram High School in Kolhapur and stayed at the Jain Boarding House. [3]However, in 1908, due to his fearlessness and non-conformist attitude, Bhaurao was expelled from the hostel on pretext of indiscipline.[4]

Nonetheless, Bhaurao got yet another chance of further study when Manikchand Hirachand Javeri, a Jain jewellery merchant and philanthropist invited him to Bombay and got him admitted in Davar's College of Commerce for training in book-keeping and typewriting in 1910. [5]Here too, Bhaurao could not complete the course. Even he could not develop any interest in the trade of Manikchand. Therefore, he finally returned home at Kumbhoj in the same year.[6]

Interestingly, thereafter, Bhaurao turned to private tuition as a means to earn his livelihood and became well-known in the neighbourhood as a good tutor.[7]The profession soon turned into an 'urge to do something for the education of those who could not pay him for his services'. [8]This urge led to his involvement in the Shikshan Prasarak Sanstha at Dudhgaon where some of his relatives used to live. [9]At Dudhgaon, he also came in contact with a village school teacher Dada Jinnappa Madhvanna, a Jain, whom Bhaurao credits with starting the Shikshan Prasarak Sanstha, Dudhgaon in 1910.[10]Bhaurao joined hands with him to open Dudhgaon Vidyarthi Ashram. Many other local enthusiasts also supported him including Nanasaheb Rauji Edekar (a Maratha by caste), Appasaheb Patil and Bhau Dada Kudale (both Jains). [11]The Ashram was open to students of all castes and religion and it also provided facilities of food and stay for the students of Dudhgaon and nearby villages. [12]The Ashram, which continued to function till 1930, became a precursor of the boarding houses that Bhaurao was to establish in due course of time.[13]

Bhaurao became friends with Balasaheb Khanvilkar who was son of Mamasaheb Khanvilkar, brother-in-law of Shahuji Maharaj. This friendship led Bhaurao into close association with Shahuji that made a lasting imprint on his future career as an educational activist and prolific institution builder.[14] .

Even when Bhaurao had started working as insurance agent of Bharat Insurance Co. Ltd. of Lahore in 1913, [15]he help public causes like persuading friends to buy insurance policies and assign them to Dakshin Maharashtra Jain Sabha. [16]Thus, even while working as an insurance agent, his central preoccupation remained education. This is also evident in his subsequent professional stints with Kirloskars and Coopers as we shall see below.

OLD ISSUES

- Jan-Jul 2017 - Vol. 1, Issue 10-11
- Jul 2016 - Vol. 1, Issue 9
- Jan 2016 - Vol. 1, Issue 8
- Jul 2015 - Vol. 1, Issue 7
- Jan 2015 – Vol. 1, Issue 6
- Jul 2014 – Vol. 1, Issue 5
- Jan 2014 – Vol. 1, Issue 4
- Jul 2013 – Vol. 1, Issue 3
- Dec 2012 – Vol. 1, Issue 2
- Apr 2012 – Vol. 1, Issue 1

SECTIONS

- Editorials
- Perspectives
- Book Review
- Commentary
- Special Articles

in his subsequent professional links with Kirloskars and Coopers as we shall see below.

Bhaurao joined the Ogale Glass Works in 1914 and simultaneously took sales agency for Kirloskars newly introduced iron-plough[17] . He utilized this opportunity to develop an extensive contact and understanding of peasantry and their needs. This was also the period when Bhaurao came under influence of the Satya Shodhak Movement and became its active and well-known propagandist in the region. Bhaurao resigned from the Kirloskars in November 1921 after some differences with his employers and a desire to devote more time to his educational pursuits.

Thereafter, Bhaurao joined the Cooper Engineering Works in 1922 after reaching an understanding with the owner Sir Dhanjishah Cooper that a portion of the profits will be used for education of children of the workers[18] . However, here too, his experience was unpleasant, because Bhaurao soon discovered that the Coopers were in no mood to part with their profits for education of worker's children. Bhaurao therefore left this job within a year, determined to devote all his time and energy to the educational cause dear to him.[19]

Since the second half of the nineteenth century, the demand for introducing compulsory Primary Education was repeated and rejected many times in the Bombay Presidency. For instance, as early as 1852, Captain Wingate, the then Revenue Survey Commissioner suggested that the proceeds of the cess should be utilised for the introduction of Compulsory Primary Education of three years for all sons of agriculturists. The demand was again repeated before the Indian Education Commission in 1882 by several witnesses, the prominent among whom was Jotirao Phule. In 1884, the Deputy Educational Inspector of Broach (Shri Shastri) put forward a scheme for introducing compulsion in his area. Sir Chunilal Setalwad, a prominent public worker of Bombay, submitted a memorandum to Government in 1894 and suggested that Compulsory and Free Primary Education supported by a local rate should be provided in all Municipal schools. Between 1902 and 1906, Sir Ibrahim Rahimtoola pressed for the introduction of Compulsory Primary Education in the City of Bombay in his budget speeches in the Bombay Legislative Council. Between 1910 and 1912, Gokhale made herculean efforts to introduce compulsory education in India and moved a bill for the purpose in the Central Legislature. [20]However, all these early demands—asserted by persons from different social backgrounds—to introduce compulsory education were unsuccessful, but they kept the concept alive and helped materially in creating a favourable public opinion for the purpose.

Subsequently, the first compulsory legislation, not only in the Bombay Presidency, but in India as a whole followed through the proposal made by Vithalbhai Patel whose bill on the subject became the Bombay Primary Education (District Municipalities) Act, 1918. It was at best an enabling act applicable only to urban areas excluding the City of Bombay. In spite of the great enthusiasm generated by the Act, only six Municipalities introduced compulsory education under it. This poor response was due mainly to the uninviting financial provisions of the Patel Act and due to the complete freedom provided to local authorities to introduce it.[21]

Nonetheless, following the introduction of Diarchy under Mont-Ford reforms of 1919, elected ministry of Bombay province appointed a committee under chairmanship of N.G. Chandavarkar to suggest ways and means of introducing compulsory primary education especially in the mofussil areas. It was on the basis of the recommendations of this committee that the Bombay Primary Education Act of 1918 was replaced with the Bombay Primary Education Act 1923, [22]which applied both to urban and rural areas. Moreover, it did not leave the matter of the introduction of compulsory Primary Education entirely on the desire of the local authority, rather gave power to the Government to push for it directly. Owing to financial difficulties, however, the progress of compulsory education was not satisfactory even after 1923. Only 11 Authorised Municipalities introduced compulsory education under the Bombay Primary Education Act, 1923.[23]

The Chandavarkar committee had issued questionnaires to elicit popular views on compulsory primary education. The responses indicated that compulsion was not acceptable, especially to the poor backward communities of the Deccan as it involved foregoing the earning of the children. Hence, the committee recommended that a widespread propaganda should be carried out to convince people of the benefits of compulsory primary education. Rayat Shikshan Sanstha was already founded by Bhaurao in 1919. Therefore, Bhaurao took up the opportunity and travelled extensively throughout the length and breadth of Satara to popularise the scheme for compulsory education. He organised 300 meetings in Deccan region for this purpose.[24]

However, due to various factors, the Act could not yield desired results. Some of these factors were related to the defects of diarchy. The popular ministries lacked effective control over the bureaucracy responsible for implementing the scheme. The bureaucrats were not responsible to the Indian ministers and their privileges and powers were fully secured. Thus, the ministers could do little to supervise the bureaucrats. Similarly, the Indian ministers were also not given any control over finances, resulting in severe constraints in implementing the scheme. These constraints increased especially after the depression that kicked off later in the decade, resulting in severe cuts in budget for education. In addition, since the Congress had boycotted the Mont-Ford reforms, the ministries were held by leaders of smaller political formations that did not had wide influence among the masses critical for implementation of such schemes.[25]As a result of all these factors, the scheme could never be implemented with the kind of energy and support required.

Still, Bhaurao's effort did not go completely in vain. As we shall see in the forthcoming section, he used this opportunity to expand the work of Rayat Shikshan Sanstha in the region. Moreover, when popular ministries were formed following the constitutional reforms of 1935, another new scheme for primary education was launched; and Bhaurao utilized the opportunity thus created to the fullest extent as we shall see below. During his educational work, Bhaurao also met the education minister Dr R.P. Paranjape, who complimented him for his efforts in popularising the scheme. Later, months before his death in 1959, Bhaurao received the honorary D.Litt. degree at the hands of Dr. Paranjape, who was then the Vice-Chancellor of Poona University.[26]

Since the main focus of the present essay is on Bhaurao's educational work, to which we shall revert showrtly, we here refer to his larger socio-political activism only briefly within this paragraph in order to give a sense of his affiliations, commitments and outlook. Bhaurao's socio-political activism can be traced back to the days when he was active as a Satya Shodhak in the region around Satara in 1920's when he launched agitations at several places for the rights of non-Brahman peasants to have ceremonial dinner along with the Brahman priests instead of being served with leftover food.[27] Later, Bhaurao was also instrumental in getting R.R. Kale and Bhaskarrao Jadhav elected to the Bombay Legislative Council in the elections of 1923 and 1927.[28]Bhaurao actively participated in the aborted Kameri Satyagraha at Kameri village in south Satara in 1929.[29]He supported freedom fighters during the 1942 Quit India

Satyagraha at Kanheri village in south Satara in 1929. He supported freedom fighters during the 1942 Quit India movement and allowed some of his students to participate in it.[30]The Shahuji boarding house at Satara became a centre of the underground freedom fighters during the period. However, under influence of Phule's cultural-educational ideas and Mahatma Gandhi's programme of constructive work, Bhaurao chiefly devoted his energy to educational work through the Rayat Shikshan Sanstha as discussed below.

Rayat Shikshan Sanstha

